उज्जैन
रविवार
22
फरवरी, 2026 ■ वर्ष-12 ■ अंक-111
मूल्य- 2 रु.
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



19 साल बाद भारत में परफॉर्म करेंगी ग्लोबल स्टार शकीरा अप्रैल में मुंबई और दिल्ली में ग्रैमी अवॉर्ड विनर के लाइव शो होंगे

पेज- 8

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों बोले- लोकतंत्र में सत्ता पर कंट्रोल जरूरी



**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा डोनाल्ड ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ को अवैध ठहराने के फैसले का स्वागत किया है। पेरिस में वार्षिक कृषि मेले के दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता के साथ उस पर नियंत्रण भी जरूरी है। मैक्रों ने कहा, सुप्रीम कोर्ट और कानून का राज होना बुरा नहीं है। लोकतंत्र में सत्ता और उस पर संतुलन दोनों जरूरी हैं। ट्रम्प के नए 10% ग्लोबल टैरिफ पर मैक्रों ने कहा कि फ्रांस इसके असर का आकलन करेगा और उसी अनुसार अपने कदम उठाएगा। उन्होंने साफ किया कि फ्रांस अपने कृषि, लक्जरी, फैशन और एयरोनॉटिकल उत्पादों का निर्यात जारी रखना चाहता है।

## योगी के पहुंचने से पहले जापान भगवामय:'जय श्रीराम' के नारे लग रहे

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी के दौरे से पहले जापान भगवा रंग में डूबा नजर आ रहा है। योगी के पहुंचने से पहले ही राजधानी टोक्यो की सड़कें भगवा झंडों से पट गई हैं। माहौल उत्सव में बदल चुका है। टोक्यो की सड़कों पर जय श्रीराम के जयकारे गूंज रहे हैं। हर तरफ भगवा पताकाएं लहरा रही हैं। भारतीय समुदाय पूरे जोश के साथ स्वागत की तैयारियों में जुटा है। 'भारत माता की जय' के नारे लग रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और पारंपरिक नृत्यों की तैयारियां चल रही हैं। बच्चे, महिलाएं, बड़े और बुजुर्ग- सभी कंधे से कंधा मिलाकर इस दौरे को उत्सव की शक्ल देने में लगे हुए हैं। लोगों का कहना है कि यह स्वागत सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विदेश में बसे भारत के लोगों की सांस्कृतिक एकता और श्रद्धा का जीवंत प्रदर्शन है।

## अविमुक्तेश्वरानंद की मुश्किलें बढ़ीं, कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश



**प्रयागराज।** यौन शोषण मामले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को बड़ा झटका लगा है। प्रयागराज में पॉक्सो स्पेशल कोर्ट के जज विनोद कुमार चौरसिया ने अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद अब झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। बता दें कि 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों का कोर्ट में वीडियोग्राफी के साथ बयान दर्ज हुआ था।

## लाल किला और प्रसिद्ध मंदिर लश्कर के निशाने पर खुफिया एजेंसियां सतर्क

**नई दिल्ली।** भारत को एक बार फिर दहलाने के लिए सरहद पार से नापाक साजिशें रची जा रही हैं। देश की राजधानी समेत कई प्रमुख धार्मिक नगरियों को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने एक बेहद गंभीर अलर्ट जारी किया है। खुफिया विभागों को मिले पुख्ता इनपुट्स इशारा कर रहे हैं कि पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) खून-खराबे की एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस बार आतंकियों के सीधे निशाने पर देश की ऐतिहासिक धरोहरों के साथ-साथ हिंदुओं के प्रमुख आस्था केंद्र हैं, ताकि देश का माहौल बिगाड़ा जा सके। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस आतंकी संगठन का मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ वाले इलाकों और पवित्र धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर देश के सांप्रदायिक सौहार्द को गहरी चोट पहुंचाना है।

# पाक की अफगान पर एयरस्ट्राइक में 16 की मौत

## सभी एक परिवार के, पाक बोला- टीटीपी के 7 कैंपों को निशाना बनाया, आत्मघाती हमलों का बदला लिया

**ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया।

पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था। पाकिस्तान ने कहा, हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए। अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। अब तक सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।





### अफगानिस्तान बोला- सही समय पर कड़ा जवाब देंगे

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सही समय पर पाकिस्तान को जवाब देने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की गोपनीयता नीति का उल्लंघन बताया। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान ने कहा है कि उन्होंने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन अफगान स्रोतों के अनुसार नागरिकों को नुकसान हुआ। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है, जबकि तालिबान इन आरोपों से इनकार करता रहा है।

# 1 अप्रैल से कैश में टोल नहीं दे पाएंगे

## फास्टैग या यूपीआई से ही होगा पेमेंट, नकद लेनदेन पूरी तरह बंद करने की तैयारी

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया देश के टोल प्लाजा को पूरी तरह डिजिटल बनाने की तैयारी कर रही है। 1 अप्रैल 2026 से नेशनल हाईवे के सभी टोल प्लाजा पर कैश ट्रांजेक्शन को पूरी तरह बंद किया जा सकता है।

इसके बाद टोल का भुगतान केवल फास्टैग या यूपीआईजैसे डिजिटल माध्यमों से ही हो सकेगा। एनएचएआई का उद्देश्य टोल ऑपरेशन को ज्यादा पारदर्शी और सही बनाना है। अभी देश के 1,150 से ज्यादा टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम लागू है।




टोल प्लाजा पर भीड़ कम करने के लिए लिया गया फैसला ठलअक के अनुसार टोल प्लाजा पर कैश पेमेंट की वजह से अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। खास तौर पर पीक ऑवर्स (भीड़ वाले समय) में नकद लेनदेन के कारण गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती हैं और छुट्टे पैसों को लेकर विवाद भी होते हैं। डिजिटल पेमेंट पूरी तरह अनिवार्य होने से ये समस्या नहीं रहेगी।

**98% गाड़ियों पर पहले से ही लगा है फास्टटैग-** देश में फास्टैग का इस्तेमाल काफी तेजी से बढ़ा है। आंकड़ों के अनुसार, फिलहाल 98% से ज्यादा वाहनों में फास्टैग लगा हुआ है। नेशनल हाईवे शुल्क नियमों के मुताबिक, अगर कोई वाहन बिना एक्टिव फास्टैग के टोल प्लाजा की फास्टैग लेन में जाता है और नकद भुगतान करता है, तो उससे दोगुना टोल वसूला जाता है। वहीं, अगर कोई यूजर वढक के जरिए भुगतान करता है, तो उसे लागू टोल दर का 1.25 गुना चार्ज देना होता है।

# प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों के एक लाख से ज्यादा पद से खाली पड़े

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी सरकारी स्कूलों के हाल बेहाल है। जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार स्कूलों में भले ही विद्यार्थी तो है लेकिन आधे से ज्यादा स्कूलों में एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं है।

> विद्यार्थी तो हैं पर आधे से ज्यादा स्कूलों में एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं

शिक्षा व्यवस्था की यह चिंताजनक स्थिति भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार उज्जैन जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में 1 हजार 895 स्कूल ऐसे है जिनमें विद्यार्थी तो हैं पर इन स्कूलों में एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं हैं। वहीं 435 स्कूल ऐसे हैं जिनमें एक भी छात्र छात्राओं का नामांकन नहीं है पर इनमें 128 शिक्षक पदस्थ है। रिपोर्ट में शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण में गंभीर खामियों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि सही तरीके से नियोजन न होने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की संख्या में भारी अंतर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग के 66 हजार 814 स्कूलों में, अगस्त 2023 तक, में से 435 स्कूलों में विद्यार्थियों का नामांकन शून्य था। इनमें से 105 स्कूलों में एक वर्ष से, 38 स्कूलों में दो वर्षों से, 33 स्कूलों में तीन वर्षों से तथा 259 स्कूलों में पिछले चार सालों से कोई नामांकन नहीं है। इनमें से 320 स्कूलों में शिक्षकों के लिए कोई पद स्वीकृत नहीं है। इसके बाद भी इन 320 स्कूलों में अगस्त 2023 तक 128 शिक्षक पदस्थ थे।

कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के बावजूद उज्जैन जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में 66 हजार 814 स्कूलों से संबंधित आंकड़ों के विश्लेषण से पाया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग के 6 हजार 607 स्कूलों में 35 हजार 663 की स्वीकृत संख्या के सापेक्ष 47 हजार 396 शिक्षक पदस्थ किए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप इन स्कूलों में 11 हजार 733 शिक्षकों का अधिशेष था।

# पीएम मोदी आज मेरठ मेट्रो-रैपिड रेल का इनॉगरेशन करेंगे

## स्कूली बच्चों और मजदूरों के साथ सफर करेंगे




**ब्रह्मास्त्र ›› मेरठ**

पीएम नरेंद्र मोदी आज देश की पहली हाईस्पीड नमो भारत रैपिड रेल का उद्घाटन करेंगे। साथ ही मेरठ मेट्रो को भी हरी झंडी दिखाएंगे। पीएम रैपिड रेल में स्कूली बच्चों और मजदूरों के साथ सफर करेंगे। इसके बाद पीएम मोहिउद्दीनपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

रैपिड रेल से दिल्ली से मेरठ की 82.15 किमी दूरी सिर्फ 55 मिनट में पूरी होगी। ट्रेन मेरठ मोदीपुरम से शुरू होकर दिल्ली के सराय काले खां तक जाएगी और 13 स्टेशनों से होकर गुजरेगी। पूरे सफर में दो स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे, जबकि बाकी का सफर एलिवेटेड होगा।

20 फरवरी को एनसीआरटीसी ने बेगमपुल से सराय काले खां के बीच रैपिड रेल का ट्रायल रन किया था। ट्रेन 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली और 48 मिनट में मेरठ साउथ से सराय काले खां पहुंच गई। जबकि वापसी में यह सफर महज 39 मिनट में पूरा हुआ।

# छिंदवाड़ा में रिटायर्ड टीआई से 14.43 लाख की साइबर ठगी



**ब्रह्मास्त्र ›› छिंदवाड़ा**

छिंदवाड़ा में शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर अज्ञात साइबर ठगों ने एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को निशाना बनाया। ठगों ने प्रतिष्ठित ट्रेडिंग कंपनी से मिलते-जुलते नाम से फर्जी कंपनी बनाकर व्हाट्सएप के जरिए संपर्क किया और अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करा ली। कुल 14 लाख 43 हजार 300 रुपए की ठगी सामने आई है। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष धुर्वे ने बताया कि चंदनगांव निवासी सेवानिवृत्त टीआई कोमल दियावार (63) को साइबर ठगों ने व्हाट्सएप के माध्यम से एक निवेश ग्रुप में जोड़ा। ठगों ने खुद को समको ट्रेडिंग से जुड़ा बताकर भरोसा दिलाया और शेयर, म्यूच्यूअल फंड व आईपीओ में ऊंचा रिटर्न दिलाने का दावा किया।



## खबर एक नजर...

### ब्लॉक के कारण आज से कई ट्रेन प्रभावित

**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मल्हारगढ़ यार्ड-मंदसौर यार्ड के मध्य दोहरीकरण कार्य के चलते 22 फरवरी से 1 मार्च तक रतलाम मंडल की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। 22 फरवरी को चित्तौड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी 79304 चित्तौड़गढ़-रतलाम डेमू 1 घंटे एवं 23 फरवरी को 0.40 घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी। 24 फरवरी को जमुना ब्रिज से चलने वाली गाड़ी 19818 जमुना ब्रिज-रतलाम एक्सप्रेस चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 24 फरवरी को रतलाम से चलने वाली गाड़ी संख्या 19327 रतलाम-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होकर संचालित की जाएगी। 24 फरवरी से 1 मार्च तक उज्जैन से चलने वाली गाड़ी 69231 उज्जैन-चित्तौड़गढ़ पैसेंजर रतलाम रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और रतलाम से चित्तौड़गढ़ के मध्य निरस्त रहेगी। 24 फरवरी से 1 मार्च तक चित्तौड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी 69232 चित्तौड़गढ़-उज्जैन पैसेंजर रतलाम रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और चित्तौड़गढ़ से रतलाम के मध्य निरस्त रहेगी। 25 फरवरी से 1 मार्च तक गाड़ी 79304 चित्तौड़गढ़ रतलाम डेमू मार्ग में आधा घंटा रेगुलेट होगी।

### वाहन मेले से आज भी खरीदी कर सकेंगे

**उज्जैन।** इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में लगे वाहन मेले में रविवार को आरटीओ की टीम अवकाश पर रहेगी। ऐसे में उपभोक्ता वाहन तो खरीद सकेंगे, लेकिन वेरिफिकेशन नहीं करवा पाएंगे। सोमवार तक का इंतजार करना पड़ेगा। आरटीओ कार्यालय के अधिकारी नरेंद्र डंडेरवाल ने बताया अधिकांश स्टाफ बाहर का है, रविवार को इनका अवकाश रहता है। शनिवार को मेले में से 510 वाहन बिके।

### डोगला में विक्रम विवि का सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**उज्जैन।** ग्राम डोंगला में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने उद्घाटन किया। शिविर 21 से 27 फरवरी तक चलेगा। इस बार की थीम डिजिटल साक्षरता है। उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल जानकारी और जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि उमा शर्मा और ज्योति चौहान थीं।शिविर प्रभारी अजय शर्मा ने गतिविधियों की रूपरेखा बताई। शिविर में डिजिटल जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करने पर काम होगा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियां भी होंगी। उद्घाटन के दौरान विश्व भाषा दिवस के संदर्भ में विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुति दी। सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों से संवाद भी प्रस्तावित है।

### पर्यावरण सुरक्षा हमारी दिनचर्या व ज्ञान परंपरा में शामिल

**उज्जैन।** हमारी ज्ञान परंपरा और जीवन शैली पूरी तरह से पर्यावरण सम्मत और विज्ञान आधारित है। हमारे दैनिक व्यवहार और दिनचर्या में पर्यावरणीय सजगता इस तरह से आत्मसात है कि उसे अलग से देखने या सिखाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। यह बात शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में प्राचीन काल में पर्यावरणीय संरक्षण की पद्धतियां विषय पर आया ?जित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में एसजीएसआईटीएस इंदौर के निदेशक डॉ. नीतेश पुरोहित ने मुख्य अतिथि के रूप में कही। संगोष्ठी में देश-विदेश से आए विषय विशेषज्ञों ने एक सुर में यह माना कि पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और दैनिक जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा रहा है, जिसे आज आधुनिक विज्ञान भी अपना रहा है। अमेरिका स्थित दक्षिणी कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी (लॉस एंजिल्स) से आए विशेष वक्ता एवं रिसर्च एसोसिएट डॉ. चेतन रावल ने वैश्विक दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि बदलते परिदृश्य में जीव विज्ञान के आधुनिक शोध भी भारत के प्राचीन ज्ञान-विज्ञान की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के समाधान भी भारतीय ज्ञान परंपरा और प्राकृतिक संरक्षण तकनीकों में तलाशे जा रहे हैं।

---

### चंद्रमा जल का कारक अनिष्ट होने की आशंका, सिर्फ गुलाल से खेली जाएगी होली

# ग्रहण में पानी से होली खेलने की मनाही, गेर निकाल सकेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

फाल्गुन पूर्णिमा पर इस वर्ष होली और चंद्र ग्रहण एक ही दिन पड़ रहे हैं। 3 मार्च को ग्रस्त उदित चंद्र ग्रहण रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार ग्रहण का सूतक प्रातः 6:47 बजे से प्रारंभ होकर ग्रहण मोक्ष तक प्रभावी रहेगा। शाम 6:47 बजे तक धुलेंडी पर्व पर सूतक का साया रहेगा। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि चंद्रमा को जल का कारक माना जाता है, इसलिए इस बार सूखी होली खेलना ही मंगलकारक है। पानी का उपयोग करने से कई अनिष्ट हो सकते हैं।

**गैर निकलेगी, लेकिन पानी से नहीं खेलेंगे होली-** उज्जैन के सिंहपुरी, कार्तिक चौक सहित प्रदेश के कई हिस्सों में धुलेंडी पर पारंपरिक गैर निकालने की मान्यता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार सूतक काल में भी परंपरागत गैर निकाली जा सकेगी, क्योंकि मान्यता है



कि परंपरा के कार्य एक प्रहर में किए जाएं तो दोष नहीं लगता।

हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि चंद्र ग्रहण के दिन जल से होली खेलने से बचना चाहिए। चंद्रमा को जल का कारक माना जाता है, इसलिए इस दिन केवल गुलाल से होली खेलना ही उचित रहेगा। जल से होली खेलने पर मानसिक अशांति या नकारात्मक प्रभाव की आशंका बताई गई है।

#### भद्रा में होगा होलिका दहन

2 मार्च की रात होलिका दहन किया जाएगा। शाम 5:55 बजे से भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च की सुबह 4:28 बजे तक रहेगा। पंडित डिब्बेवाला के अनुसार भद्रा भू-लोक पर मानी जा रही है, ऐसे में प्रदोष काल में होलिका पूजन करना श्रेष्ठ रहेगा। इस दौरान दान-पुण्य भी किया जा सकता है।

#### ग्रहण और सूतक का समय

चंद्र ग्रहण दोपहर 3:19 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। ग्रहण समाप्ति से 12 घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। सूतक के दौरान शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं और मंदिरों के पट बंद रखे जाते हैं। ज्योतिषाचार्य ने सलाह दी कि सुबह 6:30 से 9:30 बजे तक बुजुर्ग और मरीज भोजन कर सकते हैं, लेकिन दिन और शाम के समय संयम रखकर भजन-पूजन करना उचित रहेगा।

#### राशियों पर प्रभाव

**मेष** -अनुकूल रहेगा, मित्रों के माध्यम से सफलता मिल सकती है।
**वृषभ** - प्रयास बढ़ाने होंगे।
**मिथुन**- वाणी और क्रोध पर नियंत्रण करना होगा।
**कर्क** - जलीय राशि होने चलते फायदा रहेगा ज्यादा नहीं सोचें।
**सिंह** - ग्रहण इसी काल खंड में होना है, कोई भी लीगल दस्तावेज बिना सोचे-समझे और पढ़े साइन न करें।
**कन्या** - नई नौकरी और व्यवसाय के आसार बनेंगे।
**तुला** - विशेष व्यक्ति के माध्यम से कार्य पूर्ण हो सकेंगे।
**वृश्चिक**- भूमि भवन के कार्य संपादित होंगे।
**धुन**- नए आयाम और कार्य शुरू कर सकेंगे।
**मकर और कुम्भ**- न्यायिक दृष्टि से अनुकूल समय।
**मीन** - धार्मिक आस्था के कार्य संपादित हो सकेंगे।

---

# महाकाल मंदिर में 250 रुपए शुल्क का विरोध

### उज्जैन में युवा कांग्रेस ने जमकर की नारेबाजी, सहायक प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में संध्या और शयन आरती के लिए 250 रुपए प्रति व्यक्ति ऑनलाइन पंजीयन शुल्क लागू किए जाने के फैसले के खिलाफ शनिवार को युवा कांग्रेस ने मंदिर क्षेत्र में सांकेतिक प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया को एक ज्ञापन भी सौंपा।

प्रदर्शन मंदिर परिसर के नीलकंठ मार्ग द्वार पर हुआ, जहां कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सशुल्क दर्शन व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग की। महाकाल मंदिर समिति द्वारा संध्या आरती और शयन आरती में दर्शन के लिए ऑनलाइन बुकिंग अनिवार्य करते हुए 250-250 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क निर्धारित किए जाने के बाद से शहर में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं।

प्रदर्शन के दौरान, युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मंदिर की पारंपरिक व्यवस्था को बदला जा रहा है और आम भक्तों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने



दलाली बंद करो और ह्यभक्तों का पैसा खाना बंद करो जैसे नारे भी लगाए। कुछ देर तक कार्यकर्ता जमीन पर बैठकर विरोध जताते रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

**अब संध्या और शयन आरती का भी शुल्क-** युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भस्म आरती की तर्ज पर अब संध्या और शयन आरती को भी सशुल्क कर दिया है। जिससे आम श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है। उनका आरोप है कि यह निर्णय बिना किसी व्यापक जनसंवाद के लिया गया है। इस प्रदर्शन में जिला स्तर के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया को ज्ञापन सौंपकर शुल्क व्यवस्था को वापस लेने की मांग दोहराई गई। पुलिस बल की मौजूदगी में यह प्रदर्शन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

**शयन आरती में 8493 भक्तों ने किया दर्शन-** मंदिर प्रशासन ने एक दिन पहले, 20 फरवरी 2026 को आयोजित शयन आरती के शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से होने की जानकारी दी है। प्रशासन के अनुसार, पूर्व पंजीयन कराने वाले 1168 श्रद्धालुओं और 7325 निःशुल्क दर्शनार्थियों सहित कुल 8493 भक्तों ने विधिवत दर्शन लाभ प्राप्त किया था।

---

### परिवहन नीति के विरोध में आज बनेगी रणनीति

# 7 दिन में मांगें नहीं मानी तो थमेंगे बसों के चक्के

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन सहित प्रदेश के कुछ जिलों में शासन द्वारा मुख्यमंत्री सुगम परिवहन (जन बस) सेवा की शुरूआत करने की तैयारी के बीच इसे लेकर विरोध की प्लानिंग भी होने जा रही है। उज्जैन के करीब 50 बस ऑपरेटर सहित प्रदेशभर के ऑपरेटर्स रविवार को सागर में जुटेंगे। यहां बस संचालन की नीति के विरोध की रणनीति बनाएंगे।

शासन द्वारा मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा, जिसे जन बस सेवा भी कहा जा रहा है, कि संभवतः अप्रैल 2026 से शुरूआत करने की तैयारी की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि इस सेवा के माध्यम से प्रदेश में करीब 21 वर्षों के बाद फिर से सरकारी नियंत्रण वाली बसों का संचालन शुरू होगा। यात्रियों को परिवहन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

इधर, परिवहन की इस नीति का विरोध मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन करने जा रहा है। महामंत्री जयकुमार जैन ने बताया कि सरकार की मंशा है कि प्रदेशभर की सभी बस संचालकों के परमिट निरस्त कर कंपनी के नाम से बसों का संचालन करवाया जाए। इससे बस ऑपरेटरों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। कई लोग बेरोजगार हो जाएंगे। इन्हीं सभी बातों को लेकर रविवार को सागर में प्रदेशभर के बस ऑपरेटर जुटने जा रहे हैं।

बैठक में हम तय करेंगे कि सरकार अपनी ?नीति को वापस लें और अभी जिस तरह से बसों का संचालन हो रहा है, उसे होने दें। यदि ये मांग सात दिन में नहीं मानी जाती है तो प्रदेशभर में हड़ताल करेंगे। बसों के चक्के थमेंगे। प्रदेशभर में 8 हजार ऑपरेटरों की 28,500 बसों का संचालन होता है। इनमें एक लाख से अधिक चालक-परिचालक सहित अन्य स्टाफ को रोजगार मिला हुआ है।

---

# ओलावृष्टि से खराब फसलों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ग्रामीण क्षेत्रों में ओलावृष्टि और बारिश के साथ तेज हवा में बर्बाद हुई किसानों की फसलों को लेकर कांग्रेस ने संकुल भवन पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया ओर 15 दिनों में बीमा राहत राशि के साथ मुआवजा देने की मांग की।

फरवरी माह के 20 दिनों में तीन बार मौसम में आये बदलाव के साथ ओलावृष्टि और बारिश के साथ ठंडी हवा से कई किसानों की फसल खराब हो गई है। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से ग्राम पानखेड़ी तहसील

**विधायक बोले 15 दिनों में किसानों दिया जाये मुआवजा**



उन्हेल, पिपलौदा पंथ, लेकोडा आंजना, आंवला भूतिया, चौसला, कलेसर, झीतरखेड़ी दौलतपुर बड़नगर, महिदपुर, घट्टिया के कई गांव की फसलें प्रभावित हुई थी। किसानों की खड़ी फसल को नुकसान होने पर कांग्रेस ने शनिवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में विधायक महेश परमार, दिनेश जैन बोस, कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, अशोक जाट और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक महेश परमार ने कहा कि सर्वे होने के बाद 10 दिन के अंदर किसानों को राहत राशि दी जाए। 10 हजार रुपए प्रति बीघा विशेष राहत पैकेज के साथ किसानों को आपदा राहत मिले, प्रधानमंत्री फसल बीमा लंबित क्लेम का 15 दिनों में निपटारा किया जाए। 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर किसानों को अतिरिक्त विशेष राहत पैकेज स्वीकृत करें। विधायक दिनेश जैन बोस ने आरोप लगाया कि किसानों की राहत राशि के नाम पर करोड़ों रुपए आए अब तक वितरित नहीं किए गए। बर्बाद हुई फसल का अधिकारी जल्द ही सर्वे कराकर राहत राशि का भुगतान करें।

उज्जैन
रविवार
22
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

महर्षीणां भृगुरहं गिरामस्म्येकमक्षरम्।
यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि स्थावराणां हिमालयः॥

**अर्थः** मैं महर्षियों में भृगु और शब्दों में एक अक्षर अर्थात् ओंकार हूँ। सब प्रकार के यज्ञों में जपयज्ञ और स्थिर रहने वालों में हिमालय पहाड़ हूँ।

## खबर एक नजर...

### बीआरटीएस के बस स्टॉप-रैलिंग तोड़ने में ठेकेदारों ने दिखाया इंटरेस्ट

**इंदौर।** इंदौर में बीआरटीएस की रैलिंग और बस स्टॉप को तोड़ने को लेकर नगर निगम को कोर्ट से फटकार लग चुकी है। पहले इसकी रैलिंग को तोड़ने का काम तो हुआ, लेकिन बाद में ठेकेदार ने काम छोड़ दिया। इसे लेकर फिर से दो अलग-अलग टेंडर किए गए थे। उसमें एजेंसियां आई है। सोमवार को इसकी फाइलें बुलवाई है। कोर्ट के निर्देश के बाद बीआरटीएस को तोड़ने के आदेश के बाद इसे तोड़ने कवायद शुरू की गई थी। मगर ये काम पूरा नहीं हो सका और अभी भी बीआरटीएस की रैलिंग कई जगह लगी हुई हैं। साथ ही बीआरटीएस में लगे बस स्टॉप भी ऐसे ही खड़े हैं। इन्हें हटाने के लिए नगर निगम ने दो अलग-अलग टेंडर किए थे। जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि रैलिंग को स्क्वेयर मीटर के हिसाब से तोड़ने का टेंडर निकाला गया था। इसके लिए पांच ठेकेदारों ने इंटरेस्ट दिखाया है, जबकि बस स्टॉप तोड़ने के लिए दस ठेकेदारों ने इंटरेस्ट दिखाया है। राठौर ने बताया कि सोमवार को इसकी फाइल बुलवाई है। इसे लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी, जिसके बाद इसका निर्णय लिया जाएगा।

### एनेस्थेसिया ओवरडोज से 17 साल के लड़के की हुई मौत

**इंदौर।** इंदौर में सर्जरी के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही से 17 साल के किशोर अमित सेन की मौत के मामले में कोर्ट ने सख्त कदम उठाया है। जिला कोर्ट ने दो डॉक्टरों डॉ. कुश बंडी और डॉ. खुशबू चौहान के खिलाफ भादंवि की धारा 304 (भाग-2)/34 के तहत आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने दोनों आरोपियों द्वारा आरोपों से मुक्त करने के लिए दायर आवेदन पर सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, खारिज कर दिए। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट से ट्रायल के लिए समय मांगा, जिस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई 2 मार्च तय की है। अब दोनों आरोपियों के खिलाफ नियमित ट्रायल चलेगा। पुलिस जांच के अनुसार, एनेस्थेसिया की ओवरडोज दिए जाने और अन्य चिकित्सकीय लापरवाहियों के कारण अमित सेन की मौत हो गई। दरअसल सड़क हादसे में घायल अमित को 29 मई 2023 को लसूडिया थाना क्षेत्र से राजश्री नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। उसके बाएं पैर की सर्जरी होनी थी, इसी दौरान बेहोशी के इंजेक्शन के बाद उसकी हालत बिगड़ी और मृत्यु हो गई।


### पार्सल में था मोबाइल फोन, डिलीवरी वाला ही ले गया पार्सल

**इंदौर।** डिलीवरी करने वाला है पार्सल लेकर चला गया। जब पार्सल नहीं पहुंचा तो मामले का खुलासा हुआ। जिसके बाद मामले की शिकायत थाने में की गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक शिवम प्यासी निवासी गणेशपुरी कॉलोनी की शिकायत पर मनोज कुमार पिता कुबेर पाल निवासी हरिसिद्धी नगर के खिलाफ कायमी की गई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि प्रियांशी कम्युनिकेशन से मेरी कंपनी की एप्लीकेशन पर एक राइड बुकिंग आई थी, जिसकी बुकिंग प्रियांशी कम्यनिकेशन श्रीराम नगर पालदा से था, जिसमें पार्सल के अंदर मोबाइळ फोन था। पार्सल को प्रियांशी कम्युनिकेशन कनाडिया लेकर जाना था। इस बुकिंग को हमारे स्मार्टशिफ्ट लॉजीस्टिक्स सॉल्यूशन्स प्रा.लि.कि एप्लीकेशन के माध्यम से हुई थी। बुकिंग आईडी पर बाइक चालक मनोज कुमार पिता कुबेर पाल के नाम पर दी गई थी। मनोज ने पालदा से पार्सल लेकर कनाडिया के लिए निकला, लेकिन वह वहां पहुंचा ही नहीं। मनोज उस पार्सल को प्रियांशी कम्युनिकेशन पर ना पहुंचाकर खुद ने ही रख लिया।

### इंदौर में हालात बिगड़े, पत्थर, टमाटर-संतरे फेंके गए, वाटर कैनन चलाकर खदेड़ा

# भाजयुमो-कांग्रेसी भिड़े, पथराव में एसआई समेत कई घायल







ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

दिल्ली के इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को मध्यप्रदेश के कई शहरों में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने कांग्रेस कार्यालयों का घेराव किया। इंदौर में यह प्रदर्शन हिंसक झड़प में बदल गया।

इंदौर में भाजयुमो कार्यकर्ता जब कांग्रेस कार्यालय (गांधी भवन) की ओर बढ़े तो वहां पहले से मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उनकी भिड़ंत हो गई। दोनों पक्षों के बीच पत्थर, बोतलें, टमाटर और संतरे फेंके गए। पथराव में ड्यूटी पर तैनात सब-इंस्पेक्टर आरएस बघेल के सीने में पत्थर लगने से वे घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता समेत कई लोग चोटिल हुए।

हालात बिगड़ते देख पुलिस ने बैरिकेडिंग के बाद वाटर कैनन का इस्तेमाल किया, जिससे भीड़ तितर-बितर हुई। करीब आधे घंटे तक दोनों पक्ष आमने-सामने रहे।

**विधायक थाने पहुंचे, एफआईआर की मांग-** इंदौर में भाजपा विधायक रमेश मेंदोला और गोलू शुक्ला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पंढरीनाथ थाने पहुंचे। भोपाल में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा भी जिला मंत्री मोहित अग्निहोत्री के घायल होने के बाद समर्थकों के साथ हबीबगंज थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। राकेश परस्ते की शिकायत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ हबीबगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

**भोपाल और ग्वालियर में भी विरोध-** भोपाल में भारी बैरिकेडिंग के बीच भाजयुमो कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय तक नहीं पहुंच सके। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। ग्वालियर में भाजयुमो ने रैली निकालकर राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

सीसीटीवी से आरोपियों की कर रहे पहचान इंदौर पुलिस के मुताबिक, पथराव करने वालों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की जा रही है। पुलिस अधिकारी पर हमला करने वालों पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई है। फिलहाल सभी शहरों में स्थिति सामान्य है, लेकिन कांग्रेस कार्यालयों के बाहर एहतियातन पुलिस बल तैनात है।

**क्या है पूरा विवाद?** शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय अक समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शर्टलेस प्रदर्शन किया था। भाजपा ने इसे देश की छवि से जुड़ा मुद्दा बताया, जबकि कांग्रेस ने इसे बेरोजगारी और डेटा सुरक्षा से जुड़े सवालों पर विरोध बताया।

### इंदौर में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर बैठक

# निर्धारित मापदंडों के अनुरूप काम करें

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर नगर निगम आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर व्यापक स्तर पर रणनीति तैयार कर रहा है। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने शनिवार को सिटी बस ऑफिस में अधिकारियों के साथ चर्चा और समीक्षा की।

इसमें शासन की गाइडलाइन के अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण के सभी बिंदुओं पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। इसमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण, गार्बेज फ्री सिटी मानक, ओडीएफ प्लस प्लस की स्थिति, लोगों की सहभागिता, नवाचार एवं डिजिटल मॉनिटरिंग जैसे प्रमुख बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की। आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने दायित्वों का सूक्ष्म विश्लेषण कर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करे और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप काम करे।

**स्वच्छ जल प्रदाय और नाला सफाई पर विशेष जोर-** बैठक में स्वच्छ जल प्रदाय व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पेयजल गुणवत्ता, नियमित परीक्षण, लीकेज नियंत्रण एवं जल वितरण की सतत निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छ नाला अभियान के




अंतर्गत नालों की नियमित सफाई, सिल्ट हटाने, आउटफॉल की जांच और जलभराव की स्थिति को रोकने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया गया। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर में कहीं भी गंदे पानी का ठहराव न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

**सौंदर्यीकरण एवं अन्य स्वच्छता मापदंड-** शासन की गाइडलाइन अनुसार शहर के प्रमुख रास्तों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सौंदर्यीकरण कामों की प्रगति की समीक्षा की। दीवार लेखन, पेंटिंग, सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता और रखरखाव, कचरा मुक्त सार्वजनिक स्थल आदि बिंदुओं पर विस्तार से बातचीत की गई। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि नो रेड स्पॉट अभियान को पुनः गति दी जाए और शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए।

**सुचारू यातायात व्यवस्था बहुत आवश्यक-** बैठक में यातायात प्रबंधन को भी स्वच्छ सर्वेक्षण से जोड़ते हुए समीक्षा की गई। निगमायुक्त द्वारा प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाने, सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात सुगमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहर की छवि के लिए सुचारू यातायात व्यवस्था बहुत आवश्यक है।

निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभागीय स्तर पर रोजाना मॉनिटरिंग करने और हर एक बिंदु पर शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर आयुक्त प्रखर सिंह, सहित अन्य समस्त अपर आयुक्त, विभाग प्रमुख, उपायुक्त, झोनल अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंदौर में एडवोकेट से व्हाट्सऐप वीडियो कॉल पर सेक्सटॉर्शन

### एडिट अश्लील क्लिप भेजकर पैसे मांगे, पश्चिम बंगाल की सिम से कॉल, अज्ञात पर केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में एक एडवोकेट से व्हाट्सऐप वीडियो कॉल के जरिए ठगी और ब्लैकमेलिंग का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। वीडियो कॉल के बाद आरोपी ने अश्लील क्लिप भेजकर पैसों की मांग की। मामले में पीड़ित एडवोकेट ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दो अज्ञात मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एमआईजी थाना पुलिस के अनुसार, एडवोकेट राहुल की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को एक अनजान नंबर से व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल आया था। कॉल पर एक युवती की आवाज थी, जिसने खुद को किसी मामले में कानूनी सलाह लेने की बात कहते हुए उनसे बातचीत शुरू की। वीडियो कॉल के दौरान स्क्रीन पूरी तरह धुंधली थी और सामने वाला व्यक्ति दिखाई नहीं दे रहा था। कुछ सेकेंड बाद कॉल काट दी गई। इसके बाद उसी नंबर से उन्हें एक अश्लील क्लिप भेजी गई और इसके जरिए पैसों की मांग करते हुए धमकी दी गई।

**वेस्ट बंगाल से इश्यू हुई सिम-** एमआईजी थाना पुलिस के अनुसार, फरियादी पेशे से एडवोकेट हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल आया था। कॉल करने वाली युवती ने खुद को किसी मामले में कानूनी सलाह लेने की बात कही। कॉल के दौरान वीडियो पूरी तरह धुंधला था और सामने वाला व्यक्ति दिखाई नहीं दे रहा था। कुछ सेकेंड बाद कॉल काट दी गई। इसके बाद फरियादी के व्हाट्सऐप पर एक वीडियो क्लिप भेजी गई, जिसमें उनके वीडियो के हिस्से को एडिट कर आपत्तिजनक क्लिप जोड़ दी गई थी। साथ ही उनके फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट से जुड़े दोस्तों की आईडी के स्क्रीनशॉट भी भेजे गए।

## खबर एक नजर...

### आज लगेगा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, विशेषज्ञ चिकित्सकों की मिलेंगी सेवाएं

**उज्जैन।** शहर के फ्रीगंज स्थित आचार्य विद्यासागर अतिथि भवन में आज रविवार, 22 फरवरी को एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता और निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चलने वाले इस शिविर में आमजन को एक ही छत के नीचे कई विशेषज्ञ चिकित्सकों की निःशुल्क सेवाएं प्राप्त होंगी।

शिविर में मरीजों के लिए व्यापक चिकित्सा व्यवस्था की गई है। यहाँ आने वाले लोगों को आयुर्वेद और होम्योपैथी विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श, आंखों की विस्तृत व निःशुल्क जांच, और विभिन्न प्रकार की आवश्यक पैथोलॉजी जांच की सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही, चिकित्सकों के परामर्श के उपरांत मरीजों को आवश्यक औषधियों (दवाइयों) का निःशुल्क वितरण भी इसी शिविर में किया जाएगा।

इस जनहितैषी आयोजन में आयुष विभाग और जिला चिकित्सालय की ओर से विशेष चिकित्सीय सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल संयोजन आचार्य पूज्यपाद स्वामी चिकित्सालय एवं परामर्श केंद्र (फ्रीगंज), सामाजिक संसद दिगम्बर जैन समाज, पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर (फ्रीगंज) और जैन इंजीनियर्स सोसाइटी (उज्जैन चैप्टर) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। सभी आयोजक और सहयोगी संस्थाओं ने शहरवासियों से अनुरोध किया है कि वे इस स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। साथ ही, अपने परिवार और परिचितों को भी प्रेरित कर साथ लाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकें।

### 23 को योग भवन में होगा निःशुल्क जलनेति व रबरनेति शिविर

**मंदसौर।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आगामी २३ फरवरी, सोमवार को नूतन स्टेडियम परिसर स्थित योग भवन में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के सचिव लोकेन्द्र जैन ने बताया कि प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में योग गुरु सुरेंद्र जैन द्वारा जलनेति, रबरनेति और कुंजल क्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**किसानों के हक में कांग्रेस का हल्लाबोलः प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम, सोयाबीन के बाद अब गेहूं की फसल का**

# बारिश और आंधी से बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग, कांग्रेस ने किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संपूर्ण मालवा अंचल सहित उज्जैन जिले में हाल ही में हुई तेज बारिश और आंधी के कारण किसानों की खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा तत्काल सर्वे शुरू नहीं किए जाने को लेकर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। किसानों की मांगों को लेकर जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार, महिदपुर विधायक दिनेश जैन बॉस और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं और किसानों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि यदि 10 दिन के भीतर सर्वे कर किसानों को मुआवजा और राहत राशि नहीं दी गई, तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक महेश परमार ने कहा कि पूर्व में भी सोयाबीन की फसल खराब होने पर किसानों को बीमा कंपनियों द्वारा कोई सहायता राशि नहीं दी गई थी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अब कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है। प्रशासन को 10 दिन का समय दिया गया है। यदि तत्काल सर्वे कर किसानों को राहत राशि और फसल बीमा का लाभ नहीं दिया गया, तो कांग्रेस किसानों के हक के लिए सड़क पर उतरकर लगातार आंदोलन करती रहेगी।

विधायक दिनेश जैन बॉस ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार यह स्पष्ट करे कि वह बीमा कंपनी के सर्वे को मानेगी या पटवारियों द्वारा किए गए सर्वे को। वहीं, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री का गृह नगर उज्जैन होने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। इसी घोर लापरवाही से क्षुब्ध होकर कांग्रेस कार्यकताओं को किसानों के साथ सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने प्रशासन की सुस्ती को घोर निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में अतिवृष्टि और तेज हवाओं से फसलें बर्बाद हुई हैं, वहां का किसान गहरी चिंता में है। पहले सोयाबीन की फसल खराब हुई और अब गेहूं की फसल आड़ी पड़ गई है। किसानों का बहुत पैसा और मेहनत डूब गई है, ऐसे में राज्य सरकार को आगे आकर तत्काल उनकी मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम को किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक जाट ने भी संबोधित किया।

कलेक्टर कार्यालय के घेराव और इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से वीर सिंह राणा, दरबार सिंह सोलंकी, लोकेंद्र सिंह पंवार, शंकर पटेल, गुड्डू कुरेशी, पदम सिंह पटेल, किशन चंदेल, दीपू बना, विनोद कारपेंटर, सुरेंद्र सिंह चौहान, सुरेश चौधरी, विजय सिंह पटेल और हरिराम पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

# विदेशी ताकतों को सौंपा देश का डेटा, मोदी सरकार के खिलाफ युवा कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

**युवा कांग्रेस सचिव रवि यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन; ट्रंप और अडानी के इशारे पर सरकार चलाने का लगाया आरोप**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हाल ही में दिल्ली में हुए एआई समिट में देश का डेटा विदेशी ताकतों को सौंपने और पूंजीपतियों व विदेशी नेताओं के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए, उज्जैन में युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। यह उग्र प्रदर्शन उज्जैन जिला युवा कांग्रेस के सचिव रवि यादव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने हिस्सा लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली के एआई समिट में भारत का महत्वपूर्ण डेटा विदेशियों को दे दिया गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सात



समंदर पार बैठे डोनाल्ड ट्रंप दावा करते हैं कि वे प्रधानमंत्री से जो चाहें करा सकते हैं। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वर्तमान में सरकार केवल डोनाल्ड ट्रंप और उद्योगपति गौतम अडानी के आगे नतमस्तक है। सरकार पूरी तरह से इनके कहने पर काम कर रही है, जिसके विरोध में यह पुतला दहन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के कई वरिष्ठ और क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व युवा कांग्रेस सचिव नरेंद्र मालवीय, प्रदेश महासचिव अंकित यादव (विशु), प्रदेश सचिव अर्जुन नरवले, जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश शर्मा, महिदपुर विधानसभा अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया, घट्टिया विधानसभा अध्यक्ष शेर सिंह चौहान और आंबेडकर ब्लॉक अध्यक्ष देव कपूर उपस्थित रहे। केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए युवा कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर संगठन के चेतन पाटीदार, मुकुल घुरैया, यशवंत चौहान, राज उदयवाल, नीलेश मेहरा, लवेश परमार, अभिषेक भारद्वाज, स्वर शंकर, विनय मंडलोई, विजय केवड़ा और आदित्य ठाकुर सहित अन्य युवा कांग्रेसजन शामिल रहे।

### राष्ट्रीय जाट महासभा में भावना जाट बनीं उज्जैन जिला अध्यक्ष

**उज्जैन।** राष्ट्रीय जाट महासभा (भारत) ने संगठन विस्तार के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महिला इकाई की सक्रिय सदस्य आदरणीय भावना जाट महेश जाट को उज्जैन जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुनील ठींगला एवं प्रदेश कोर कमेटी के निर्देशानुसार की गई है।

इस फैसले के बाद संगठन कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि भावना जाट के नेतृत्व में उज्जैन जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भावना जाट ने अपने उद्बोधन में कहा कि वह संगठन की विचारधारा को मजबूत करने, समाज हित में कार्य करने तथा युवाओं और महिलाओं को संगठन से जोड़ने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगी।

# भारतीय दिनचर्या और ज्ञान परंपरा में रची-बसी है पर्यावरण सुरक्षा

### माधव विज्ञान महाविद्यालय में प्राचीन काल में पर्यावरणीय संरक्षण पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

### कैंसर जैसी बीमारियों का हल भी भारतीय प्राकृतिक तकनीकों में मौजूद - डॉ. रावल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन में प्राचीन काल में पर्यावरणीय संरक्षण की पद्धतियां विषय पर एक भव्य अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। देश-विदेश से आए विषय विशेषज्ञों ने एक सुर में यह माना कि पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और दैनिक जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा रहा है, जिसे आज आधुनिक विज्ञान भी अपना रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसजीएसआईटीएस इंदौर के निदेशक डॉ. नीतेश पुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी ज्ञान परंपरा और जीवन शैली पूरी तरह से पर्यावरण सम्मत और विज्ञान आधारित है। उन्होंने कहा, ह्हमारे दैनिक व्यवहार और दिनचर्या में पर्यावरणीय सजगता इस तरह से आत्मसात है कि उसे अलग से देखने या सिखाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती।

#### आधुनिक शोध भी देख रहे हैं भारत की ओर

अमेरिका स्थित दक्षिणी कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी (लॉस एंजिल्स) से आए विशेष वक्ता एवं रिसर्च एसोसिएट डॉ. चेतन रावल ने वैश्विक दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि बदलते परिदृश्य में जीव विज्ञान के आधुनिक शोध भी भारत के प्राचीन ज्ञान-विज्ञान की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के समाधान भी भारतीय ज्ञान परंपरा और प्राकृतिक संरक्षण तकनीकों में तलाशे जा रहे हैं।

वहीं, सेंट्रल यूनिवर्सिटी गांधीनगर (गुजरात) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. धीरज राठौर ने विशेष वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। उन्होंने सर्कुलर इकोनॉमी (चक्रीय अर्थव्यवस्था) की दृष्टि से भारतीय संसाधनों के संरक्षण के प्राचीन तरीकों को विश्व के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

दिनचर्या में शामिल थे संरक्षण के तरीके

कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच.एल. अनिजवाल ने इस सेमिनार को विद्यार्थियों के लिए बेहद सार्थक बताते हुए कहा कि यह आयोजन युवाओं को भारतीय संस्कृति की वैज्ञानिक ज्ञान परंपरा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने बताया कि हमारे पूर्वजों ने पर्यावरण बचाने के जो तरीके विकसित किए थे, वे सीधे तौर पर हमारी दिनचर्या में शामिल थे।

इससे पूर्व, कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शुचिता चांदोरकर ने विषय प्रवर्तन किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की शुद्धता और संरक्षण एक सतत आवश्यकता है, और हम प्राचीन काल से ही इसके लिए विकसित और प्रामाणिक तरीकों का प्रयोग करते आ रहे हैं। इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 15 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र (पेपर प्रेजेंटेशन) प्रस्तुत कर विषय के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत प्राणीशास्त्र (जूलॉजी) विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल पांडे, डॉ. शुचिता चांदोरकर और डॉ. अजय सक्सेना द्वारा किया गया।

## खबर एक नजर...

### शिवनारायण झाला बने राष्ट्रीय मंत्री, शिव शंकर वर्मा प्रदेश सह-संगठन सचिव नियुक्त

**उज्जैन।** राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरेलाल सेन ने समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से उज्जैन सर्व सेन समाज के अध्यक्ष शिवनारायण झाला को ह्लराष्ट्रीय मंत्रीह्ल और शिव शंकर वर्मा को ह्लप्रदेश सह-संगठन सचिवह्ल के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है।

वीरेंद्र परमार के अनुसार समाज के प्रति शिवनारायण झाला के समर्पण और उनके द्वारा पूर्व में सफलतापूर्वक आयोजित किए गए अनेक सामाजिक कार्यक्रमों व सक्रियता को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें यह राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी सौंपी है।

इन नियुक्तियों की आधिकारिक जानकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश मारू, महावीर सेन, राजू वर्मा, कमलेश गंगवाल और बसन्त सेन द्वारा संयुक्त रूप से दी गई। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई प्रेषित की है और आशा जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा।

श्री झाला और श्री वर्मा की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर समाज के वरिष्ठ शेखर श्रीवास, सुशील श्रीवास, मनोहर परमार, सुरेंद्र सेन, प्रेम यादव, सुरेश सोलंकी, आर.एल. वर्मा, आरपी वर्मा, भारत श्रीवास, निलेश वर्मा और सुनील वर्मा (आरओ) सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### 5 दिवसीय नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर प्रारंभ

**उज्जैन।** हाल ही में संपन्न हुए महाकाल वन मेला 2026 में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित, जबलपुर के प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल अब उज्जैन में अपनी सेवाएं देने जा रहे हैं।

जनता के आग्रह को देखते हुए वैद्यजी द्वारा उज्जैन में प्रतिमाह 20 से 24 तारीख तक 5 दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस माह यह शिविर जायसवाल धर्मशाला, क्षीरसागर गेट, नई सड़क, प्रकाश टॉकीज की गली के बाजू में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का समय सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। माँ दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ वैद्य संतोष आनंद जायसवाल की सबसे बड़ी विशेषता उनका नाड़ी ज्ञान है। उनका दावा है कि मरीज को अपनी बीमारी बताने की आवश्यकता नहीं है; वे केवल नाड़ी देखकर शरीर के रोगों का सटीक पता लगा लेते हैं। इस शिविर में चमत्कारी संजीवनी जड़ी-बूटियों के माध्यम से शास्त्रोक्त विधि द्वारा मरीजों का सफल उपचार किया जाएगा। हस्तलिखित पर्चे में दी गई जानकारी के अनुसार, वैद्य जी के पास कई गंभीर और पुरानी बीमारियों का इलाज उपलब्ध है। इनमें मुख्य रूप से स्नायु व तंत्रिका रोगः मिर्गी, माइग्रेन, साइटिका, लकवा (नया या पुराना), मानसिक रोग, उदर एवं श्वास रोगः दमा (अस्थमा), अल्सर, 84 प्रकार के वात रोग।

## अर्जुन की तरह लक्ष्य पर रखें नजर और खुद को तराशें: पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन अभ्युदय आनंदम का समापन

### आईपीएस काजल सिंह ने कहा- प्रतियोगिताओं से निखरती है प्रतिभा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय उज्जैन में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन ह्लअभ्युदय आनंदमह्ल का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के पूर्व छात्र और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. नारायण व्यास तथा सारस्वत अतिथि के रूप में आईपीएस सुश्री काजल सिंह उपस्थित रहीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के मूलमंत्र दिए और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।



**सोना तपकर ही कुंदन बनता है: डॉ. व्यास**

मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास ने अपने छात्र जीवन की यादें ताजा करते हुए कहा, ह्लऐतिहासिक माधव महाविद्यालय में अध्ययन करना गौरव की बात है। कभी हम भी इसी कॉलेज के विद्यार्थी थेह्ल उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर दृष्टि रखें और खुद को निरंतर तराशें, क्योंकि सोना तपकर ही कुंदन बनता है। डॉ. व्यास ने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक कार्यों में भाग लेने, गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त करने और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी।

**सफलता के लिए 100 प्रतिशत ऊर्जा लगाएं: आईपीएस काजल सिंह**

कार्यक्रम की सारस्वत अतिथि आईपीएस सुश्री काजल सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से प्रतिभा में निखार आता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भविष्य में जिस भी क्षेत्र का चुनाव करें, वहां अपनी शत-प्रतिशत ऊर्जा लगाएं। कड़ी मेहनत ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

### महाविद्यालय के लिए गर्व का क्षण: प्राचार्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे छात्र सदैव कॉलेज का नाम रोशन करते रहे हैं। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि हमारे पूर्व छात्र डॉ. नारायण व्यास पद्मश्री से सम्मानित होकर आज मुख्य अतिथि के रूप में हमारे बीच हैं। उनकी यह ऊंचाई कॉलेज के विकास की गाथा बयां कर रही है। उन्होंने आईपीएस काजल सिंह को महिला सशक्तिकरण का सशक्त प्रतीक बताया।

# 25 हजार श्रोताओं के बीच गूंजेंगे पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ के ओजस्वी विचार

### युवाओं में सनातन चेतना जगाने आ रहे प्रखर वक्ता; 'वर्तमान स्थिति में सनातन की भूमिका' पर होगा गहन मंथन

### युवाओं और समाज में होगा नई ऊर्जा का संचार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पाश्चात्य संस्कृति की ओर तेजी से आकर्षित हो रही युवा पीढ़ी में सनातन धर्म और भारतीय मूल्यों के प्रति जन-जागरण के लिए शहर में एक वृहद वैचारिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान और सकल हिन्दू समाज के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी रविवार को 'राष्ट्रचिंतन' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर में शाम 7 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में देश के प्रखर राष्ट्रवादी और ओजस्वी वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ 'वर्तमान स्थिति में सनातन की भूमिका' विषय पर अपना मुख्य वक्तव्य देंगे।

### 25 हजार श्रोताओं के जुटने का अनुमान

आयोजन के संयोजक हरिसिंह यादव ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ को आज पूरा देश उनके बेबाक और प्रखर विचारों के लिए जानता है। उनके द्वारा बोला गया एक-एक शब्द सीधे श्रोताओं के हृदय में उतरता है। यही कारण है कि इस आयोजन को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह है और करीब 25 हजार श्रोताओं के इस कार्यक्रम में पहुंचने की प्रबल संभावना है। कार्यक्रम में विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान वर्ष भर शहर में कई धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करती रहती है। इसी कड़ी में समाज में राष्ट्रप्रेम व सनातन के प्रति नई ऊर्जा पैदा करने के लिए यह 'राष्ट्रचिंतन' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक हरिसिंह यादव ने आयोजन के संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव, संस्था के अध्यक्ष राजेश गर्ग, सचिव अक्षता यादव और श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान के सभी सदस्यों की ओर से शहर के सभी निवासियों से इस महत्वपूर्ण वैचारिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का दिया संदेश

**उज्जैन।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर क्षत्रिय मराठा समाज द्वारा नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक शौर्य यात्रा निकाली गई। जयंती समारोह पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया, जिसमें समाजजनों ने शिवाजी महाराज के आदेशों व आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इसके पश्चात प्रातः 9:30 बजे नगर पालिका निगम स्थित छत्रपति शिवाजी भवन में महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज सचिव अनिल गावड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंती के उपलक्ष में श्री मल्हार मार्तंड मंदिर, शिवाजी चौक से भव्य शौर्य यात्रा प्रारंभ हुई।

# बामसेफ, भारत मुक्ति मोर्चा उज्जैन से नागपुर के लिए रवाना

### बामसेफ, भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन निरस्त किए जाने के विरोध में संघ मुख्यालय महामोर्चा महारैली में होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बामसेफ का 42वा दो दिवसीय एवं भारत मुक्ति मोर्चा के तीन दिवसीय 15वें राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति निरस्त किए जाने के विरोध में संगठन द्वारा लगातार तीन चरणों में ज्ञापन, धरना और प्रदर्शन किए गए, लेकिन सरकार द्वारा किसी भी मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। इसके विरोध में आंदोलन के चौथे चरण के अंतर्गत दिनांक 22 फरवरी 2026 को नागपुर स्थित संघ मुख्यालय पर एक विशाल महामोर्चा महारैली आयोजित किया जा रहा है। इस महामोर्चा में शामिल होने के लिए उज्जैन जिले से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारत मुक्ति महिला मोर्चा व बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्मति गंगा मालवीय के नेतृत्व में नागपुर के लिए उज्जैन से रवाना हुए। इस आंदोलन में देशभर के मूलनिवासी बहुजन समाज से जुड़े सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक, किसान एवं असंगठित कामगार संगठनों की व्यापक भागीदारी रहेगी। भारत मुक्ति महिला मोर्चा, बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्मति गंगा मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास पटेल के संयुक्त नेतृत्व में किया जाएगा। यह महारैली संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है, ताकि नागरिकों के संवैधानिक मूलभूत अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और मूलनिवासी बहुजन समाज की भावी पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रहे। महामोर्चा के दौरान निम्नलिखित प्रमुख मांगें उठाई जाएंगी जिसमें ओडिशा राज्य के कटक में निरस्त किए गए राष्ट्रीय अधिवेशन को पुनः अनुमति दी जाए, ओबीसी सहित सभी जातियों की जाति-आधारित जनगणना कराई जाए,

# अंतरराष्ट्रीय एआई समिट में यूथ कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन पर भाजपा व देश में आक्रोश

### मंगेश श्रीवास्तव ने राहुल गांधी पर साधा कड़ा निशाना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा विक्रमादित्य मंडल उपाध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर कड़ा प्रहार करते हुए इस कृत्य को देश की छवि धूमिल करने वाला बताया है।

### देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया धूमिल

भाजपा विक्रमादित्य मंडल उपाध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने एक पुरानी कहावत का जिक्र करते हुए तंज कसा कि, ह्लकहावत है कि डायन भी एक घर छोड़ देती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी देश की साख गिराने का कोई मौका नहीं छोड़तेह्ल उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय एआई समिट जैसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं द्वारा किया गया अर्धनग्न प्रदर्शन बेहद घृणित कृत्य है। इस तरह के विरोध प्रदर्शन से न केवल भारत का नाम खराब हुआ है, बल्कि दुनिया भर में 140 करोड़ देशवासियों की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

### सेना के शौर्य और अराध्य देव पर भी उठा चुके हैं सवाल

श्रीवास्तव ने कांग्रेस के पिछले बयानों की याद दिलाते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के शीर्ष नेता हमेशा से देश विरोधी बयान देते आए हैं। उन्होंने कहा, जब हमारी सेना ने दुश्मन देश पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कड़ी कार्रवाई की थी, तब भी कांग्रेस ने हमारी ही फौज के शौर्य पर सवाल खड़े किए थे। इतना ही नहीं, इसी कांग्रेस पार्टी ने हिंदुओं के आराध्य भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर भी प्रश्नचिह्न लगाया था।

### अगला चुनाव पाकिस्तान से लड़ें राहुल गांधी

कांग्रेस पर सीधे तौर पर देश का विरोध करने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस के युवराज को अब भारत के बजाय अपना अगला चुनाव पाकिस्तान में जाकर लड़ना चाहिए।

उन्होंने अपने बयान के अंत में कहा कि नई दिल्ली के एआई कार्यक्रम में हुए इस अशोभनीय प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता देश के विरोध में खड़े हैं। अब समय आ गया है कि आम जनता इस सच्चाई को समझे और देश को पूरी तरह से कांग्रेस मुक्त बनाने का संकल्प ले।

## खबर एक नजर...

### जीवाजीगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया

**उज्जैन।** विधानसभा की बैठक के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष के प्रति आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग के बाद कांग्रेस ने तीखा विरोध दर्ज कराया है। इस घटनाक्रम के विरोध में उज्जैन शहर में कांग्रेस ने मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 6 से अधिक स्थानों पर पुतला दहन किया। जीवाजीगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक लाला ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जीवाजीगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गणेश चौक, नामदारपुरा पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी एवं नेता प्रतिभाषा रवि राय के नेतृत्व में दहन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से मांग की कि ऐसे मंत्री को तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उनका कहना था कि इंदौर की पूर्व घटनाओं के बाद भी मंत्री के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया है, जो बेहद निंदनीय है। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि लगातार विवादित बयानों के बावजूद मंत्री का पद पर बने रहना शर्मनाक है। सत्ता पक्ष जितना मजबूत होता है, उतना ही सशक्त विपक्ष भी होता है। नेता प्रतिपक्ष के प्रति किए गए अपमानजनक शब्दों को कांग्रेस ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ बताया। प्रदर्शन के दौरान कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रतीकात्मक रूप से गधे को लेकर भी पहुंचे और मंत्री के आचरण की कड़ी आलोचना की। इस मौके पर संगठन मंत्री अजय राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष बबलू खींची, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल, पार्षद इमरान खान, पार्षद सपना संकल, पार्षद जाहिद हुसैन, पार्षद परमानंद मालवीय, प्रसाद भाई, प्रभारी असलम भाई, अफजल भाई, मुखिया जी, दानिश राठी, राशिद भाई, अनिल चौहान, दिनेश मीणा, पन्ना परमार, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, दुर्गेश माली, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष फूलचंद झारिया, राहुल यादव, वार्ड अध्यक्ष राजा ठाकुर, वार्ड क्रमांक 2 अध्यक्ष आदित्य नामदेव, वार्ड अध्यक्ष जितेंद्र डोगरे, अतुल सक्सेना, शंकर परमार, वरिष्ठ शिव लस्करी सहित समस्त कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बेमौसम बारीश होने से नुकसान हुई फसलो का विधायक पण्ड्या ने किया निरीक्षण

**बड़नगर।** गत दिवस हुए ओलावृष्टि एवं बेमौसम बारिश के कारण क्षेत्र के किसानो की फसलों को हुए नुकसान का शनिवार को एसडीएम धीरेन्द्र पाराशर, तहसीलदार रुपाली जैन सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया।

विधायक पंड्या ने प्रभावित किसानो से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना तथा संबन्धित अधिकारियों को त्वरित सर्वे कर उचित राहत एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**बड़नगर तहसील में आसमान से बरसी आफत!**

# तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने गेहूं समेत तैयार फसलों को किया बर्बाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

पिछले दो दिनों से बड़नगर तहसील में मौसम ने ऐसा पलटा खाया कि किसानों की खुशियां कुछ ही मिनटों में मातम में बदल गईं। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश एवं कुछ स्थानों पर गिरे ओलो ने खेतों में खड़ी तैयार फसलों को जमीन पर गिरा दिया।

दरअसल तहसील के ग्राम देहटा, केसरपुरा, अमलावद बीका, अमलावद कला, जमालपुरा, पलसोडा, मालपुरा, चिरोलाकलां, लिम्बास, सलवा सहित तहसील के अधिकांश गांवों में अचानक मौसम खराब होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बुधवार एवं गुरुवार रात्रि को तेज हवा के साथ तेज बारिश हुई जिससे खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो



गई। किसानों का कहना है कि इससे गेहूं सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।

जमीन पर बिछ गई फसल, महीनों की मेहनत बर्बाद

ग्रामीणों के अनुसार तेज हवा के साथ हुई बारिश इतनी तीव्र थी कि खेतों में खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई। कई किसानों ने बताया कि उनकी पूरी मेहनत कुछ ही मिनटों में नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि वे पहले ही सोयाबीन की खराब पैदावार से परेशान थे और इस बार गेहूं की फसल से उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने की स्थिति में थी और कुछ ही समय में कटाई शुरू होने वाली थी, लेकिन अचानक मौसम बदलने से पूरी फसल चौपट हो गई।

### किसानों ने सरकार से लगाई गुहार

किसानों का कहना है कि वे दिन-रात मेहनत कर अपनी फसल तैयार करते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं के कारण उन्हें बार-बार नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि वे आर्थिक संकट से उबर सकें।

### कांग्रेस ने किया पुतला दहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी , जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को बड़नगर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा जाफला चौराहा पर पुतला दहन किया गया । यह पुतला दहन अमेरिकी ट्रेड डील, सेना के अपमान, भागीरथपुरा दूषित पानी की समस्या, छिंदवाड़ा कफ सिरप प्रकरण तथा विधानसभा सत्र की चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया। उक्त विषयों को लेकर प्रदेश सरकार के मंत्रियों– कैलाश विजयवर्गीय , राजेंद्र शुक्ला, विजय शाह का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया । इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश धाकड़, श्रवण पाटीदार , गुलरेज मंसूरी , अमजद खान , रईस निजामी, कुलदीप सिंह राणावत , धर्मेंद्रसिंह चौहान , जितेंद्रसिंह अकोलिया, अंतरसिंह बग्रेड ,आकाश जैन, ताहेर भाई , फैयाज निजामी , भावेश जैन , विजय सेन , दिलीपसिंह अरडिया , नरेंद्रसिंह लुहारिया , सतीश चौहान आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी तरुण आचार्य ने दी।

### नागपुर आरएसएस मुख्यालय पर विशाल महामोर्चा, उज्जैन जिले से कार्यकर्ता होंगे शामिल

**उज्जैन।** भारत मुक्ति मोर्चा का दिनांक 26 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 के दौरान बामसेफ का 45वां तथा भारत मुक्ती मोर्चा का 15वां राष्ट्रीय अधिवेशन कटक (ओडिशा) के बाली यात्रा मैदान में मा. वामन मेश्राम की अध्यक्षता में आयोजित किया जाना था। इस अधिवेशन के लिए शासन-प्रशासन से सभी आवश्यक अनुमतियाँ विधिवत प्राप्त की गई थीं। संगठन द्वारा अधिवेशन की तैयारियों पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे। देशभर से सैकड़ों प्रतिनिधि स्थल पर पहुँच चुके थे तथा हजारों कार्यकर्ता मार्ग में थे या प्रस्थान की तैयारी में थे। इसी बीच कटक प्रशासन ने स्थानीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के दबाव में अधिवेशन की सभी अनुमतियाँ निरस्त कर दीं, जिसके चलते अधिवेशन संपन्न नहीं हो सका।भारत मुक्ति महिला मोर्चा, बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्मति गंगा मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत मुक्ती मोर्चा ने इस कार्रवाई को अभिव्यक्ति, शांतिपूर्ण सभा और संगठन बनाने के मूलभूत अधिकारों का प्रत्यक्ष उल्लंघन बताया है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आगामी त्योहारो को देखते हुए पुलिस ने बलवा ड्रील परेड रिहर्सल की





ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे जिले मे आगामी त्यौहारो को शांति पूर्ण तरिके से मनाये जाने एवं क्षेत्र में कानुन व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बड़नगर महेन्द्र परमार के मार्गदर्शन मे थाना बडनगर अंतर्गत शासकीय कॉलेज ग्राउण्ड में बुधवार को बल्वा ड्रील की रिहर्सल परेड कराई गई । जिसमें थाना प्रभारी बडनगर अशोक कुमार पाटीदार, थाना प्रभारी इंगोरिया दिपेश व्यास, डीआरपी लाईन सुबेदार सुभाष सतपाडीया, उनि सोभाग सिंह, सउनि राजेन्द्र सिंह हाडा, सउनि सरदार सिंह भगोरा, सउनि गोवर्धन दास बैरागी, सउनि सुनिल देवके ,सउनि दिनेश निनामा, प्र.आर. प्रदीप डामोर, प्र.आर. रामनारायण चौहान, प्र.आर.मुकेश मीणा थाना बड़नगर , इंगोरिया और पुलिस लाइन का स्टॉफ उपस्थित रहा जिनके द्वारा बल्वा ड्रील परेड की गई । 50 अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

# आचार्य श्री विजय रत्नकीर्तिसूरी महाराज का हुआ मंगल प्रवेश

## धर्म एक ऐसी शक्ति है जिसके माध्यम से सभी मिलते है - आचार्य विजय रत्नकीर्तिसूरी म.सा.

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

धर्म ही शाश्वत तत्व है, धर्म से दूरिया कम होती है, धर्म वह शक्ति है जिसके माध्यम से सभी आपस में मिलते है। जहाँ दूरिया है वहाँ धर्म नही है। आज एकत्रीकरण का कारण भी धर्म ही है, व्यक्ति गौण है ।

उक्त उदगार नगर के गौरव माटी के रत्न आचार्य श्री



विजय रत्नकीर्तिसूरी म.सा. ने स्थानीय आराधना भवन में महती धर्म सभा में व्यक्त किए। प्रवेश चल समारोह के आराधना भवन पहुँचने पर धर्म सभा में आचार्यश्री ने यह भी कहा कि आत्मा की प्रसन्नता ही परमात्मा की भक्ति का फल है। भगवान की पूजा-उपासना पैसो से नही होती है भक्ति के उपरान्त सोच, व्यवहार व दृष्टि में बदलाव की अनुभूति होना चाहिए। एक दूजे को समझकर मन की मलीनता निकालकर दोषो को दूर करे। आचार्य श्री ने अतीत की स्मृति में कहा कि जन्म भूमि का महत्व स्वर्ग से भी ज्यादा है। माँ एवं मातृ भूमि से बढकर कुछ भी नही है। 10 वर्ष पूर्व मैं मन से यहाँ आया था लेकिन वर्तमान में दादा आदिनाथ भगवान ने मुझे बुलाया है। यहाँ दादा के दर्शन से मन मस्तिष्क में शत्रुंजय तीर्थ की अनुभूति होती है। 10 वर्ष पश्चात आपके नगरागमन पर श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जिनालय आदिनाथ कालोनी से नवकारसी उपरान्त प्रवेश चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से निकला। यहां नवकारसीका लाभ राजेन्द्रकुमार मांगीलाल बोहरा चाँदीवाला परिवार ने लिया। आचार्य श्री के प्रवचन के पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अभय टोंग्या त्रिस्तुतिक श्वेतांबर जैन समस्त ट्रस्टी, पार्षद रितेश चाँदीवाला ने गुजानुवाद के साथ वंदन अभिनंदन किया।

### फुलेरिया दूज उत्सव संपन्न

**बड़नगर।** नगर के शिवाजी रोड स्थित पुष्टियमार्गीय मदनमोहन की हवेली में गुरुवार को वल्लभीय वैष्णवजन ने रात्रि 7 बजे प्रभु भक्ति के द्वार से प्रवेश कर ठाकुरजी वल्लभीय वैष्णवो को मनोमोहक श्रृंगार में दर्शन दिए। फुलरिया दूज को श्री कृष्ण प्रभु ने ब्रज में राधा रानी के संग फूलों की होली खेली थी । भक्तों ने भी फूलों की होली खेली। भक्तजन होली के रसिया का जयकारे से हवेली गुजायमान हो रही थी। ठाकुरजी के सम्मुख वल्लभीय वैष्णव मोहन गुप्ता मुरली नीमा, पुरुषोत्तम सोनी, अजय विजयवर्गीय ने अष्ट छाप कवियों के पद गाए । इस अवसर प्रमुख रूप से नवनीत गुप्ता, रामनिवास नवहाल, कुणाल माहेश्वरी , राकेश शाह, शारदा नीमा, रानि गुप्ता, ममता नीमा, लीला धनोतिया उपस्थित थे।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एआई समिट में घुसकर टॉपलेस प्रदर्शन किये जाने को सही ठहराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा दिल्ली के भारत मंडप में आयोजित वर्ल्ड ए आई समिट में घुसकर टॉपलेस प्रदर्शन किये जाने को सही ठहराया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद विदेशो में जाकर भारत को अपमानित करते है ऐसे में युवा कांग्रेसियो के विदेशियों के सामने विरोध प्रदर्शन में कुछ भी गलत नहीं है। अन्य विपक्षी दलों द्वारा इस प्रदर्शन के विरोध पर उनका कहना था कि अलग अलग पार्टियों की अपनी नीति होती है। लेकिन युवा कांग्रेसियो ने कुछ भी गलत नहीं किया।

सुश्री रीना बौरासी सेतिया आज स्थानीय प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा कर रही थी। रतलाम के स्थानीय मुद्दों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि रतलाम में नागरिकों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रबंध किया जाना चाहिए। रतलाम में भी इंदौर के भागीरथपुरा के जैसा हादसा होने का इंतजार नहीं करना चाहिए। पिछले दो दिन में हुई बे मौसम की बारिश से किसानों की करोड़ों रुपए की फसल नष्ट हो गई है। इन किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने के लिए तत्काल सर्वे शुरू किया जाएं।

रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि रतलाम के ग्रामीण क्षेत्र में सरकार की नल जल योजना के अंतर्गत ग्रामीण को पीने के लिए जो जल उपलब्ध कराया जा रहा है उसकी जांच करना जरूरी है। मुझे यह जानकारी है कि कई गांव में इस योजना के तहत जो पानी उपलब्ध कराया जा रहा है वह दुषित है। रतलाम नगर में भी ड्रेनेज की लाइन का चौक होना एक आम बात बना हुआ है। इंदौर के भागीरथपुरा के जैसा हादसा होने से रतलाम में रोकने के लिए अभी से कड़े प्रबंध किए जाने की आवश्यकता है। यह ध्यान देना चाहिए कि इंदौर के भागीरथपुरा में जब हादसा हुआ तो उसमें अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन सरकार 20 मौत से ज्यादा मानने को तैयार नहीं है। कांग्रेस के द्वारा विधानसभा में नागरिकों के हित में आवाज उठाने के बाद भी सरकार ना तो इस मामले की चर्चा करना चाहती है और ना ही अब तक यह निश्चित हो सका है कि इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है। ऐसे में रतलाम के लोगों को भी यह समझ लेना चाहिए कि प्रदेश की सरकार उन्हें शुद्ध जल देने के लिए आगे नहीं आएगी। उन्हें खुद ही शुद्ध पीने का पानी प्राप्त करने के लिए नगर निगम पर दबाव बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा जावरा फाटक अंडर ब्रिज से जो चार लाइन सड़क का निर्माण किया गया है, उसने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार कंपनी इंदौर की पृथ्वी इंफ्रास्ट्रक्चर के द्वारा मिलकर 17 करोड़ की राशि से घटिया निर्माण किया गया है। सेंट्रल लाइट की अंडरग्राउंड केबल लाइन को ऊपर से डालकर उस पर सीमेंट भर देना भ्रष्टाचार का जीता जागता प्रमाण है। बहुत जरूरी है कि यह पूरा मामला जांच के लिए लोकायुक्त को सौपा जाएं।



## वात्सल्य धाम में वृद्धजनों को मिली थेरेपी रूम की सौगात

**मंदसौर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वात्सल्यधाम (वृद्धाश्रम) में वृद्धजनों की सुविधा हेतु सर्वाइकल व स्पाइन थेरेपी चेयर एवं थेरेपी रूम का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन रोटरी क्लब के अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी और सचिव कपिल भंडारी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में यह सेवा कार्य समर्पित किया गया। इस दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में रोटरी क्लब की भूमिका को अनुकरणीय बताते हुए वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश सिसोदिया ने कहा है कि निस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही समाज को एकता के सूत्र में पिरोती है। रेडक्रॉस के पूर्व चेयरमैन प्रीतेश चावला ने इस सौगात को वृद्धजनों के स्वास्थ्य के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम के दौरान वात्सल्य धाम की प्रबंधक और सह-प्रबंधक का सम्मान भी किया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ने विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में भी इसी तरह टीम वर्क के साथ मानवता की सेवा में जुटे रहेंगे।कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंघवी, डॉ.कमलेश कुमावत, सुरेंद्र जैन योग गुरु, समाजसेवी संजय मुरडिया व विजय शर्मा (पोपट) भी मंचासिन थे। क्लब के पूर्व अध्यक्ष कनक पंचोली ने किया व आभार क्लब सचिव कपिल भंडारी ने माना।

# गांधी चौराहे पर भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने, पुलिस ने संभाला मोर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर




नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस की युवा इकाई द्वारा किए गए कथित हंगामे और अमर्यादित आचरण के विरोध में मंदसौर में राजनीतिक पारा चढ़ गया है। शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मंदसौर के गांधी चौराहा स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया।

भाजपा कार्यालय से रैली के रूप में निकले कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया और जलते पुतले पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो कार्यकताओं ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर में कांग्रेस नेताओं के फोटों पर काली पेंसिल भी चलाई जिससे भी माहौल गरमा गया। घटनाक्रम के बाद युवक कांग्रेस द्वारा गंगा जल छिड़ककर कांग्रेस कार्यालय का शुद्धिकरण किया गया। भाजयुमो नेताओं ने इस दौरान कहा कि जब देश तकनीक और नवाचार के वैश्विक मंच पर अपनी धाक जमा रहा है, तब अंतरराष्ट्रीय मेहमानों की उपस्थिति में शर्ट उतारकर प्रदर्शन करना न केवल अलोकतांत्रिक है, बल्कि राष्ट्र की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने वाला कृत्य है। प्रदर्शन के दौरान तनाव उस समय बढ़ गया जब युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे बोर्ड पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के चित्रों पर कालिख पोत दी।

इस घटना के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता भी कार्यालय से बाहर निकल आए, जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक और आमने-सामने नारेबाजी शुरू हो गई।

## ब्लॉक कांग्रेस संजीत बूढ़ा के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

प्रदेश कांग्रेस के निर्देशक अनुसार आज ब्लॉक कांग्रेस संजीत बूढ़ा के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम बुढा बस स्टैंड पर संपन्न हुआ जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री मोहन यादव,कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान,नगरी प.मंत्रीकैलाश विजयवर्गीय के पुतले दहन किए गए सरकार ने अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता किया वो किसान विरोधी है और मोहन यादव की सरकार के मंत्री नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा लोकतंत्र के खिलाफ एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग इस को लेकर पुतला दहन किया गया इस अवसर पर विधानसभा प्रत्याशी रहे परशुराम सिसोदिया जिला पंचायत सदस्य भोपाल सिंह जी सोलंकी सत्यनारायण पाटीदार बूढ़ा संजीत ब्लॉक अध्यक्ष विजेश मालेचा मल्हारगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष धुंधधका ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल शर्मा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शीतल सिंह बोराणा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा किसान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन जी गुर्जर समरथ गुर्जर अनिल शर्मा उदय सिंह जी बापू सिंह जी श्याम लाल की चावली सतीश जी परिहार राइस मंसूरी अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष विजय इंडियन डाबला अरबाज मंसूरी नरेंद्र सिंह मंगल सिंह जितेंद्र सिंह राकेश पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## अमेरिकी ट्रेड डील के विरोध में 24 फरवरी को विधानसभा घेरेगी कांग्रेस




**मंदसौर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने प्रेस वार्ता में कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी आगामी 24 फरवरी को भोपाल में विधानसभा का घेराव करेगी। यह आंदोलन विशेष रूप से भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में आयोजित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के सोयाबीन, कपास और मक्का उत्पादक किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। श्री गुर्जर ने कहा कि अमेरिकी उत्पादों के आयात से स्थानीय मंडियों में दाम गिरेंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस ने राज्य सरकार के तीन मंत्रियों कैलाश विजयवर्गीय, विजय शाह और राजेंद्र शुक्ला से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की है। कांग्रेस की मुख्य मांगों में ट्रेड डील पर श्वेतपत्र जारी करना और किसानों के लिए मूल्य सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन और महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी भी मौजूद रही।

# पानी की टंकी पर चढ़कर किया सुसाइड

### सरपंच और पुलिस कर्मियो पर लगे गंभीर आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिले की पिपलोदा तहसील में आज सुबह एक 45 वर्षीय अधेड़ ने पानी की टंकी पर चढ़कर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने फांसी लगाने से पूर्व टंकी की दीवार पर सरपंच का नाम भी लिखा। मृतक के पास सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमे उसने अपने गाँव के सरपंच, सरपंच के पिता और भाई सहित जावरा आइ ए थाने के पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए है। आक्रोशित परिजनों ने शव पिपलोदा रोड पर रखकर चक्काजाम किया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जावरा के पिपलोदा तहसील स्थित हरियाखेड़ा ग्राम में आज लक्ष्मीचंद पिता कनीराम 45 वर्षीय ने ग्राम में बनी पानी की टंकी पर चढ़कर फांसी का फंदा लगा लिया। फांसी लगाने से पूर्व मृतक टंकी पर सरपंच का नाम लिखकर गया। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने सरपंच जितेंद्र पिता पुरुषोत्तम, सरपंच के पिता पुरुषोत्तम पाटीदार और भाई लोकेश सहित औद्योगिक थाना जावरा के पुलिसकर्मियों पर मारपीट एवं झूठी शिकायत में फसाने का गंभीर आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार मृतक लक्ष्मीचंद ने पुलिस अधीक्षक के नाम नौ दिन पूर्व 12 फरवरी शिकायत का आवेदन दिया था। आवेदन में बताया था कि 11 फरवरी की मध्य रात करीब 1 बजे वह खेत में फसल को पानी पिलाने का काम कर रहा था तभी अज्ञात चोर आए और खेत में लगी झटका मशीन से करंट की चपेट में आ गए। मेने जाकर तुरंत बटन दबाकर मशीन को बंद किया, तभी अचानक 8 से 10 युवकों ने मारपीट शुरू कर दी और खेत में लगी मशीने को कुएं में फेंक दिया।

वही, मौजूद सरपंच, सरपंच के पिता एवं भाई साथियों के साथ मुझे थाने पर लेकर आए और मुझ पर मशीनों को फेंकने का झूठा आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत करने लगे। सरपंच द्वारा की गई शिकायत पर मेरी किसी ने बात नहीं सुनी और मुझे लॉकअप में बंद कर बहुत मारा और जाती सूचक शब्दों से अपमानित किया। सरपंच के कहने पर एक स्टार पुलिस जो कि विकलांग था और एक अन्य पुलिस दोनों ने मिलकर बहुत मारा और प्रताड़ित किया। जिससे मुझे छाती पर गंभीर चोटे आई है।शनिवार की सुबह करीब 6 बजे मृतक के बाद भाई मांगीलाल पवार जैसे पानी की टंकी पर पहुंचा तो छोटा भाई को फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजनों को सूचित किया। आक्रोशित परिजनों ने पिपलोदा रोड स्थित ओवर ब्रिज पर शव को रखकर चक्का जाम कर दिया। मृतक के परिजन सरपंच के अवैध मकान को तोडने, प्रकरण दर्ज करने और मामले में मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी को सस्पेंड करने की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार, तहसीलदार और सीएसपी भी मौके पर पहुंचे।

# होलिका दहन, धुलेण्डी विषय पर विप्र परिषद व सर्वसमाज की बैठक 22 को होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

इस वर्ष होलिका दहन व धुलेण्डी पर्व के विषय में भद्रा व चन्द्रग्रहण, सूतक की विषम स्थिति के कारण विभिन्न पंचांगो मे एवं केलेण्डरों मे एवं मीडिया मे अभूतपूर्व विरोधाभास होने से जनमानस में संशय की स्थिति चिंता का कारण है। इसलिए कर्मकाण्डीय विप्र परिषद नीमच इस विषय पर सर्वसमाज की बैठक में सबको विश्वास में लेकर होलिका दहन एवं धुलेण्डी पर्व कब मनाया जावें ताकि यह सनातन धर्म का उत्सव शास्त्र सम्मत जनहितकारी व सभी के लिए शुभ फल कारक हो। तथा नीमच शहर में सभी सनातनी लोग एक दिन व एक समय पर पर्व को धूमधाम से मनावे, इस हेतु अवगत कराया जाएगा। विदित हो की गतवर्ष दीपावली पर्व पर बने विरोधाभास होने के चलते विप्र परिषद के आहवान पर सर्वसमाज की बैठक आयोजित करके सभी ने एक मत होकर दीपावली पर्व मनाने का निर्णय लिया था जिसकी सभी ने प्रशंसा की थी। इसलिए होलिका दहन व धुलेण्डी पर्व को मनाने के विषय में सर्वसमाज के अध्यक्ष, सचिव,एवं प्रतिनिधि एवं गेर समिति के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक कल 22 फरवरी 2026 रविवार को दिन में 3 बजे श्री बिचला गोपाल मंदिर, तिलक मार्ग घंटाघर के पास रखी गई है।

**दशहरा मैदान में होली के मधुर गीतो के साथ होगा होलिका दहन-** सांस्कृतिक उत्सव समिति नीमच के द्वारा बीते 11 वर्षो अधिक से होलिका दहन का आयोजन किया जाता आ रहा है। नीमच सांस्कृतिक उत्सव समिति हर वर्ष पारंपरिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शहर के दशहरा मैदान में होली का पर्व को लेकर एक बड़ा आयोजन करती है जिसमें सांस्कृतिक आयोजन भी होते हैं उसी के अंतर्गत प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी होलिका पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा।

## सरदार पटेल चौराहे पर रोटरी निर्माण कार्य रोकने के लिए पूर्व विधायक सिसौदिया ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**मंदसौर।** पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे के रोटरी निर्माण कार्य को फिलहाल रोकने की मांग को लेकर कलेक्टर अदिति गर्ग को पत्र लिखा है। श्री सिसौदिया ने तर्क दिया है कि प्रदेश शासन द्वारा रतलाम-नसीराबाद मार्ग के शहरी हिस्से के लिए 7 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन सीमेंट कंक्रीट रोड की स्वीकृति दी जा चुकी है। चूंकि यह नई सड़क जिला जेल तक चौड़ीकरण के साथ बनेगी, इसलिए वर्तमान में चल रहा निर्माण कार्य व्यर्थ जा सकता है। उ उन्होंने अस्पताल, शुक्ला कॉलोनी और गोल चौराहे की तरफ से आने वाले मार्गों को भी व्यवस्थित तरीके से सर्कल से जोड़ने की बात कही है ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## हरिया खेड़ा में युवक ने की आत्महत्या

**जावरा ।** समीप ग्राम हरिया खेड़ा के एक युवक द्वारा शनिवार को गांव में ही बनी पेयजल टंकी पर चढ़कर आत्महत्या कर किए जाने से सनसनी फैल गई। मृतक लक्ष्मी चंद भिल जो कि गांव में ही एक पाटीदार परिवार के यहां खेत पर कार्य करता था ।उन्होंने ही विगत दोनों झूठे विवाद में फंसा कर जबरन मारपीट कर जबरन जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर औद्योगिक क्षेत्र थाने पर पुलिस से बुरी तरह पिटवाया गया। मृतक ने ऐसी लिखित शिकायत 12 फरवरी को जिलाधीश एवं एसपी को की थी।



काबिल 2 की स्क्रिप्ट तैयार

# ऋतिक रोशन की हरी झंडी मिलते ही शुरू होगी शूटिंग

## डायरेक्टर का दावाः सीक्वल होगा पहले से ज्यादा खतरनाक

बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर संजय गुप्ता ने फिल्म काबिल 2 की स्क्रिप्ट तैयार होने की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। यह घोषणा हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान की गई, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर ऋतिक रोशन और उनकी फैमिली से ग्रीन सिग्नल मिलता है तो वे फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू कर देंगे। वैरायटी इंडिया से बात करते हुए संजय गुप्ता ने कहा कि एक निर्देशक और लेखक के रूप में वे पूरी तरह से तैयार हैं और उनके पास काबिल 2 की स्क्रिप्ट पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि अगर कोई पहले पार्ट का सीक्वल बनाता है तो उसे पहले के मुकाबले बेहतर और खतरनाक होना चाहिए ताकि दर्शकों को एक नई और रोमांचक कहानी मिल सके।

2017 में रिलीज हुई काबिल में ऋतिक रोशन ने एक अंधे व्यक्ति रोहन भटनागर का किरदार निभाया था, जो अपनी पत्नी के साथ हुए अन्याय के बाद बदला लेने के सफर पर निकलता है। उस समय फिल्म को आलोचक और दर्शकों दोनों का समर्थन मिला था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में जगह बनाई थी। फिल्म में यामी गौतम ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जबकि रोनित रॉय एवं रोहित रॉय जैसे कलाकारों ने महत्वपूर्ण किरदार निभाए थे। काबिल की पटकथा, गाने, एक्शन और भावनात्मक दृश्यों को खास तौर पर सराहा गया था, जिससे फिल्म एक यादगार अनुभूति बन गई थी। संजय गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया है कि सीक्वल के लिए स्क्रिप्ट उन्होंने पहले ही लिख दी है, और यह कहानी पहले भाग से ज्यादा खतरनाक होगी।



19 साल बाद भारत में

# परफॉर्म करेंगी ग्लोबल स्टार शकीरा

## अप्रैल में मुंबई और दिल्ली में ग्रैमी अवॉर्ड विनर के लाइव शो होंगे

ग्लोबल पॉप स्टार और कई ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं सिंगर शकीरा अप्रैल में 19 साल बाद भारत में परफॉर्म करेंगी। वह 10 अप्रैल को मुंबई और 15 अप्रैल को दिल्ली में लाइव शो करेंगी। यह जानकारी फीडिंग इंडिया और डिस्ट्रिक्ट बाय जौमैटो ने दी। फीडिंग इंडिया एक नॉन-प्रॉफिट संस्था है, जो भूख और कुपोषण के मुद्दों पर काम करती है। बता दें कि शकीरा ने आखिरी बार भारत में 2007 में मुंबई में 'ओरल फिक्सेशन' टूर के दौरान परफॉर्म किया था।

आयोजकों के अनुसार, कॉन्सर्ट का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि भूख और कुपोषण जैसे मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना भी है।

शकीरा मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स और दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में परफॉर्म करेंगी।

एक प्रेस नोट में शकीरा ने कहा, भारत में परफॉर्म करना मेरे लिए हमेशा खास रहा है। मैं मुंबई और दिल्ली के फैंस से मिलने के लिए उत्साहित हूं। फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट सिर्फ म्यूजिक नहीं, बल्कि बच्चों के पोषण के लिए साथ खड़े होने का संदेश है।

शकीरा उनके सुपरहिट गानों हिप्स डोंट लाइ, व्हेनएवर, वेयरएवर और वाका वाका के लिए जाना जाता है। वह अपनी एनर्जेटिक स्टेज परफॉर्मेंस और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जानी जाती हैं।

म्यूजिक के अलावा शकीरा उनके बेयरफुट फाउंडेशन के जरिए शिक्षा और बच्चों की भलाई के लिए भी काम करती हैं। यह पहल फीडिंग इंडिया के लक्ष्य से मेल खाती है, जो भूख और कुपोषण के खिलाफ काम करता है। प्रेस नोट के अनुसार, फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट एक कम्युनिटी इनिशिएटिव है। इसका मकसद यूनाइटेड नेशंस के जीरो हंगर 2030 लक्ष्य में योगदान देना है।



# शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को बड़ी कानूनी राहत

## 150 करोड़ रुपए के बिटकॉइन मनी लॉन्ड्रिंग केस में मिली बेल, स्पेशल कोर्ट ने दी जमानत

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा को बिटकॉइन स्कैम मामले में न्यायिक जमानत मिल गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक मुंबई की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने कुंद्रा को 150 करोड़ रुपए के कथित क्रिप्टो पोंजी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बेल दे दी।

यह मामला पिछले साल ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा दर्ज किए गए चार्जशीट के आधार पर शुरू हुआ था, जिसमें बताया गया कि राज कुंद्रा के पास 285 बिटकॉइन थे, जिनकी मूल्यवृद्धि आज के हिसाब से लगभग 150.47 करोड़ रुपए बताई गई। यह बिटकॉइन कथित तौर पर स्कैम के मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज की ओर से प्राप्त हुआ था।

ईडी का तर्क है कि यह क्रिप्टो संपत्ति अपराध की कमाई है, जिसे कुंद्रा ने बिटकॉइन माइनिंग के नाम पर यूक्रेन में एक प्रोजेक्ट के लिए प्राप्त किया था, लेकिन वह प्रोजेक्ट कभी शुरू नहीं हो पाया। इसके बावजूद, आरोपियों में शामिल राज कुंद्रा ने इन बिटकॉइन को अपने पास रखा और उनका इस्तेमाल किया।

ईडी की चार्जशीट में यह भी आरोप लगाया गया कि कुंद्रा ने बिटकॉइन लेन-देन में खुद को केवल मध्यस्थ बताने की कोशिश की, लेकिन उसे समर्थन देने के लिए कोई ठोस दस्तावेज पेश नहीं कर सके। चार्जशीट के अनुसार, एक टर्म शीट नामक समझौता असल में उनके और अमित भारद्वाज के बीच हुआ था, जिससे यह साबित होता है कि वह मध्यस्थ नहीं बल्कि लाभार्थी थे।

जमानत के दौरान कोर्ट ने कहा कि कुंद्रा ने जांच एजेंसी के साथ सहयोग किया है और चूंकि उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी, इसलिए अब उन्हें कस्टडी में रखने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि कोर्ट ने कुछ शर्तें भी लगाई हैं, जिनमें यह शामिल है कि उन्हें अगली सुनवाई के लिए कोर्ट में पेश होना होगा।

# पंजाबी सिंगर को लाइव शो में फैन ने किया प्रपोज

## पोस्टर पर लिखा- मेरी मम्मी नू पसंद है तू, सुनंदा शर्मा ने दिया मजेदार जवाब

पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा को लाइव शो के दौरान एक फैन ने प्रपोज किया। भीड़ में खड़े फैन ने दिल के आकार वाले पोस्टर पर लिखा था-मेरी मम्मी नू पसंद है तू (मेरी मम्मी को तुम पसंद हो)। इस पर सुनंदा ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया- पर मेरी मम्मी नू भी तां पसंद आने चाहिदे ओ (लेकिन मेरी मम्मी को भी तो तुम पसंद आने चाहिए)।

सुनंदा ने फैन को स्टेज पर बुलाया, गले लगाया और उसके साथ डांस भी किया। इस खास पल का वीडियो खुद सिंगर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं।

17 फरवरी को जयपुर में पूर्णिमा ग्रुप के वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव आरोहण 2026 के दौरान यह मोमेंट देखने को मिला।

पोस्टर पर लिखा- मेरी मम्मी नू पसंद है तू: लाइव शो के दौरान भीड़ में एक फैन हाथ में दिल के आकार का एक चार्ट पेपर लेकर खड़ा था, जिसे देखकर सुनंदा ने उसे स्टेज पर बुलाया और चार्ट देखा, जिस पर लिखा था मेरी मम्मी नू पसंद है तू। इस पर सुनंदा ने मजाकिया अंदाज में रिएक्ट किया।




**फैंस को गले लगाया, फोटो खिंचवाई:** सुनंदा ने कहा- पर मेरी मम्मी नू भी तो आने चाहिदे ओ पसंद। हालांकि तुरंत ही हंसते हुए सुनंदा शर्मा ने इस देखकर डांस भी किया और उसको गले से लगा लिया। सिंगर ने कहा कि कहा मैं मजाक कर रही हूं। इसके बाद सिंगर ने उस फैन के साथ फोटो खिंचवाई और उसका प्यार के लिए शुक्रिया अदा किया।

**24 घंटे में 12 लाख से ज्यादा लाइक्स-** सुनंदा ने बुधवार को इस पल को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। पोस्ट के कैप्शन में लिखा– आई लव यू बादशाहो, यू गाइस आर माय स्ट्रेंथ। कंसर्ट्स में पूरी रौनक लगी रहती है। इस वीडियो को 24 घंटे के अंदर 1.2 मिलियन से ज्यादा लाइक्स, 4800 से अधिक कमेंट्स और लगभग 48 हजार लोगों ने शेयर किया।

**फैंस बोले- दीदी हमारा नंबर कब आएगा-** वीडियो इतना वायरल हुआ कि फैंस ने अपनी स्टोरी पर इसे शेयर करते हुए लिखना शुरू कर दिया सुनंदा दीदी हमारा नंबर कब आएगा। सुनंदा ने भी दरियादिली दिखाते हुए कई फैंस की स्टोरीज को री-शेयर किया और मजेदार जवाब देते हुए लिखा- हाहा..आ जाओ अगले शो में।

**सिंगर ने लिखा- आ जाओ कल वाले शो में-** इस बीच फैन ने सुनंदा के स्टाइल की हूबहू नकल उतारते हुए वीडियो बनाकर पोस्ट कर दिया। सुनंदा ने उस फैन को भी निराश नहीं किया और वीडियो शेयर करते हुए लिखा आ जाओ कल वाले शो में।

### दोनों टीमें पिछले बार की फाइनलिस्ट, भारतीय प्लेइंग-इलेवन में बदलाव संभव

# तीसरा सुपर-8 मुकाबला आज इंडिया-साउथ अफ्रीका

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 स्टेज का तीसरा मैच आज पिछले बार की दोनों फाइनलिस्ट भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7 बजे से शुरू होगा, टॉस 6:30 बजे होगा।

दोनों टीमों के बीच पिछला यानी 2024 एडिशन का फाइनल खेला गया था। इसमें भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 176 रन बनाए थे। टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम 8 विकेट के नुकसान पर 168 रन ही बना सकी। इस तरह भारत 7 रन से जीत दर्ज करते हुए 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बना। भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें ग्रुप स्टेज में अपने-अपने ग्रुप में टॉप पर रही थीं और सभी 4-4 मैच जीते थे। भारत ने अमेरिका, नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड को हराया। वहीं, साउथ अफ्रीका ने कनाडा, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड और यूएई को हराकर ग्रुप-डी में टॉप किया था।

टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट इतिहास में टीम इंडिया ने अपना पहला मैच ही साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। ये मैच 1 दिसंबर 2006 को खेला गया था। इस मैच को भारत ने 6 विकेट से जीता था। इसके बाद इस फॉर्मेट में टीम इंडिया और प्रोटियाज के बीच अब तक 35 मैच खेले जा चुके हैं। इस दौरान भारत ने 21 मैच जीते हैं और 13 मुकाबलों में साउथ अफ्रीका ने जीत दर्ज की है। जबकि 1 मैच का नतीजा नहीं निकल सका। वहीं, वर्ल्ड कप में दोनों टीमें 7 बार आसने-सामने हुईं। इस दौरान 5 मैच टीम इंडिया ने और 2 साउथ अफ्रीका ने जीते।



**ईशान भारत के टॉप स्कोरर-** इस वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए ईशान किशन और वरुण चक्रवर्ती बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। ईशान ने 4 मैचों में 176 रन बनाए हैं, जिसमें उनका बेस्ट स्कोर 77 रन रहा है। वहीं, वरुण ने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 4 मैचों में 9 विकेट झटके हैं।

**एनगिडी साउथ अफ्रीका के टॉप बॉलर-** इस वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के लिए कप्तान ऐडन मार्करम बल्ले से शानदार लय में दिखे हैं। उन्होंने 4 मुकाबलों में 178 रन बनाए हैं, जिसमें नाबाद 86 रन उनकी बेस्ट पारी रही। वहीं गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने 3 मैचों में 8 विकेट चटकाए हैं।

**पिच रिपोर्ट और रिकॉर्ड-** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रैंडली मानी जाती है। यहां का सरफेस पूरी तरह से सपाट है और बल्लेबाजी करना काफी आसान होता है। इस पिच पर नई गेंद के साथ तेज गेंदबाजों को शुरूआत के कुछ ओवर्स में मदद मिल सकती है। वहीं बीच के ओवर्स में स्पिनर्स को टर्न भी मिल सकता है। अहमदाबाद में अब तक 12 टी-20 इंटरनेशन मुकाबले खेले जा चुके हैं। इसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 8 और चेज करने वाली टीम ने 4 मैच जीते हैं। यहां का हाईएस्ट टीम स्कोर 234/4 है, जो भारत ने 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 190 रन रहा है, जो हाई-स्कोरिंग मुकाबलों की ओर इशारा करता है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर अब तक 9 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिनमें से 7 में जीत दर्ज की है, जबकि 2 मुकाबलों में उसे इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। वहीं, साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए एक मैच में भारत ने 36 रन से जीत हासिल की थी।

**ड्यू फैक्टर देखने को मिलेगा-** रविवार को अहमदाबाद में मौसम अच्छा रहेगा। आसमान पूरी तरह से साफ रहेगा। 36 डिग्री सेल्शियस अधिकतम और 20 डिग्री सेल्शियस न्यूनतम तापमान रहने की संभावना है। शाम के समय ड्यू फैक्टर भी देखने को मिलेगा।

**भारतीय टीम में एक बदलाव संभव-** भारतीय उपकप्तान अक्षर पटेल की प्लेइंग इलेवन में वापसी हो सकती है। पिछले मैच में उन्हे आराम दिया गया था। ऐसे में वॉशिंगटन सुंदर को बाहर बैठना पड़ सकता है।

**पॉसिबल प्लेइंग इलेवन**

**भारत:** ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह।

**साउथ अफ्रीका:** ऐडन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसन, कार्बिन बॉश, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी।

**अभिषेक अब तक खाता नहीं खोल सके-** टीम इंडिया के ओपनर अभिषेक शर्मा का मौजूदा फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। इस वर्ल्ड कप में उन्होंने अब तक तीन मुकाबले खेले हैं, लेकिन उनका खाता भी नहीं खुल पाया है। हालांकि भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उनका समर्थन किया है। उन्होंने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे उन लोगों की चिंता है जो अभिषेक शर्मा को लेकर चिंतित हैं। मुझे ज्यादा फिक्र उन टीमों की है, जिन्हें आगे जाकर उसका सामना करना पड़ेगा। उसने पिछले साल टीम के लिए सब कुछ किया था, अब हमारी बारी है कि हम उसका साथ दें।

## शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी की, युजवेंद्र चहल ने बारात में डांस किया



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मुंबई

पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ शादी कर ली है। स्पिनर युजवेंद्र चहल ने शनिवार को एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वे मौजा ही मौजा गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। चहल ने कुछ फोटो भी पोस्ट किए। इनमें धवन और उनकी पत्नी सोफी शाइन स्टेज पर हैं।

40 साल के पूर्व भारतीय ओपनर ने एक महीने पहले 12 जनवरी को अपनी आयरिश गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की थी। दोनों पिछले कुछ समय से रिलेशनशिप में थे और मई 2025 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था।

इससे पहले धवन ने 2023 में अपनी पहली पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक ले लिया था। दोनों ने 2011 में शादी की थी। आयशा-धवन का एक बेटा भी है। चहल ने धवन की शादी में डांस की वीडियो भी पोस्ट किया।

धवन ने 12 जनवरी को इंस्टाग्राम पर लिखा था- मुस्कान से लेकर सपनों तक, सब कुछ साझा करते हुए। हमारी सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं। हम हमेशा के लिए एक-दूसरे का साथ चुन रहे हैं। इससे पहले क्ढछ में शिखर के पंजाब किंग्स के लिए खेलने के दौरान भी सोफी टीम को सपोर्ट करती नजर आई थीं।

**कौन हैं सोफी शाइन?** सोफी शाइन आयरलैंड की रहने वाली हैं। जब वह धवन से मिली थी तब वअए में जॉब करती थी। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक वह अमेरिका की फाइनेंशियल सर्विस कंपनी नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉरपोरेशन में सेकेंड वाइस प्रेसिडेंट (प्रोडक्ट कंसल्टेंट) के पद पर कार्यरत रही हैं।

## पाकिस्तान-न्यूजीलैंड सुपर-8 मैच बारिश में धुला

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कोलंबो

टी-20 वर्ल्डकप में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच का पहला सुपर-8 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया है। शनिवार शाम 6:30 बजे पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लेकिन, मैच शुरू होने से पहले बारिश आ गई।

करीब ढाई घंटे के इंतजार के बार मैच रेफरी ने इसे रद्द कर करने का फैसला लिया। ऐसे में दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिए। इस टूनार्मेंट में दूसरा मैच रद्द हुआ है। इससे पहले जिम्बाब्वे और आयरलैंड का मैच रद्द हुआ था। पहला सुपर-8 मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को एक-एक अंक मिले हैं। यहां से सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दोनों टीमों को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। दोनों टीमों को इंग्लैंड और श्रीलंका से खेलना है।

**पाकिस्तान:** सलमान आगा (कप्तान), साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, बाबर आजम, फखर जमान, उस्मान खान (विकेटकीपर), शादाब खान, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, सलमान मिर्जा और उस्मान तारिक।







**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547




**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं– 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/–
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## मुकेश अंबानी का बड़ा एलान

# अगले सात साल में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मुकेश अंबानी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में घोषणा की कि रिलायंस और जियो अगले सात वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये निवेश कर भारत के एआई ट्रांसफॉर्मेशन को आगे बढ़ाएंगे। इसके तहत एआई-रेडी डेटा सेंटर, ग्रीन एनर्जी आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर और देशभर में एआई सेवाओं को सुलभ बनाने पर जोर दिया जाएगा।

एआई इंपैक्ट समिट में भारत के अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी ने भी बड़े एलान किए। उन्होंने कहा कि एआई का सबसे अच्छा दौर आना अभी बाकी है। उन्होंने कहा, एआई कई क्षेत्रों में नए दौर की शुरुआत कर सकता है। उन्होंने कहा, दुनिया इस बात पर बहस कर रही है कि क्या एआई के कारण ताकत कुछ लोगों के हाथों में सिमट जाएगी। या एआई सभी के लिए मौके और सबके लिए आसान अवसर का माध्यम बनेगा। उन्होंने मौजूदा दौर में कृत्रिम बुद्धिमता के असर को रेखांकित करते हुए कहा, आज एआई को लेकर दुनिया दोराहे पर खड़ी है। एक रास्ता कम, महंगे एआई और कंट्रोल्ड डाटा की तरफ ले जाता है, दूसरा सस्ता, आसानी से मिलने वाली एआई की सुविधा सुनिश्चित करता है। मुकेश अंबानी ने अपने घराने की प्रतिबद्धता साझा करते हुए कहा, जिस तरह कंपनी ने मोबाइल डाटा का कॉस्ट कम किया है, उनका ग्रुप एआई की कॉस्ट भी कम करेगा। उन्होंने कहा कि जियो और रिलायंस इंडिया लिमिटेड भारत में एआई के लिए अगले सात वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगी।

## पिछले साल जीएसटी कटौती से सस्ती हुई रोजमर्रा की वस्तुएं अब फिर महंगी हो गई

# साबुन-तेल से लेकर रोजमर्रा के सामान पांच फीसदी तक महंगे, कई कंपनियों ने बढ़ाए दाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पिछले साल जीएसटी कटौती से सस्ती हुई रोजमर्रा की वस्तुएं अब फिर महंगी हो गई हैं, क्योंकि एफएमसीजी कंपनियों का खर्च बढ़ा है और रुपये की कीमत गिरने से लागत ज्यादा हो गई है। ये कंपनियां दाम पांच फीसदी तक बढ़ा रही हैं।

जीएसटी दरों में कटौती पिछले साल सितंबर में लागू होने के बाद आम लोगों को बड़ी राहत मिली थी, जब साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट और तेल जैसी रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती हो गई थीं। हालांकि, अब वह राहत खत्म हो रही है, क्योंकि एफएमसीजी कंपनियां इनपुट लागत में बढ़ोतरी के चलते अब उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में पांच फीसदी तक बढ़ोतरी कर रही है।

एफएमसीजी कंपनियों का कहना है कि जीएसटी दरों में कटौती के बाद कुछ महीनों तक रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें स्थिर रखी गई या घटाई गई। उसके बाद डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार गिरावट और वैश्विक बाजार में कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के चलते इनपुट लागत के मोर्चे पर दबाव बढ़ रहा है, जिसका कुछ भार अब ग्राहकों पर डालना पड़ रहा है।

वितरकों ने बताया, डिटर्जेंट एवं हेयर ऑयल से लेकर चॉकलेट, नूडल्स और अनाज समेत रोजमर्रा की अन्य वस्तुओं के चुनिंदा पैकेट इस तिमाही में बढ़ी हुई कीमतों के साथ दुकानों तक पहुंचने लगे हैं। बिस्कुट, नूडल्स और स्नैक्स फूड पर जीएसटी दरों में कटौती से संबंधित छूट के कारण बिक्री मात्रा में औसतन 6 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई है।

**डाबर ने दो फीसदी तक बढ़ाए दाम-** डाबर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने बताया, कंपनी चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कीमतों में दो फीसदी वृद्धि कर रही है। बढ़ी हुई कीमतें अगले साल भी लागू रहेंगी। हमें मुनाफाखोरी-रोधी उपायों के कारण मूल्य वृद्धि को स्थगित करना पड़ा।

टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रबंध निदेशक सुनील डीसूजा ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के कंपनी के नतीजों की घोषणा के दौरान कहा था, दिसंबर तिमाही के अंत में चाय की कीमतों में मामूली वृद्धि हुई थी। लेकिन, जनवरी से अप्रैल तक के आंकड़े शुरूआती कीमतों को निर्धारित करेंगे। हमने इस तिमाही में अधिकांश बढ़ोतरी ग्राहकों पर लागू कर दी है।

हिंदुस्तान यूनिलीवर के मुख्य वित्तीय अधिकारी निरंजन गुप्ता ने पिछले सप्ताह निवेशकों संग बैठक में कहा, साबुन, शैंपू, डिटर्जेंट और पर्सनल केयर उत्पादों के निर्माता कच्चे तेल से बने उत्पादों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, जिसका असर लिक्विड पैराफिन और सर्फेक्टेंट जैसी वस्तुओं पर भी पड़ता है। होम केयर उत्पादों की कीमतें जल्द बढ़ेंगी। कुछ पैकेट (बढ़ी कीमतों वाले) बाजार में आ चुके हैं और कुछ जल्द आएंगे। कंपनी सर्फ एक्सेल, रिन, विम और डोमेक्स सहित सभी उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है।



### रुपये में गिरावट ने बढ़ाई मुश्किल

- विश्लेषकों का कहना है कि डॉलर की तुलना में रुपया कई महीनों से लगातार नीचे गिर रहा है। व्यापार घाटे और वैश्विक असंतुलन के प्रभाव से 30 जनवरी को डॉलर के मुकाबले रुपया 92.02के सार्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया।
- विश्लेषकों का कहना है कि नाश्ते में इस्तेमाल होने वाली कई चीजें जैसे ओट्स और बादाम आयात की जाती हैं। रुपये की कीमतें गिरने से इनके आयात की लागत में काफी वृद्धि हुई है।
- नाश्ते के अनाज, मूसली और ओट्स जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी बैग्रीज का भी कहना है कि वह इस तिमाही के दौरान कुछ चुनिंदा पैकेटों की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है।

### नियमों के डर से कंपनियों ने दिया था लाभ

- कई उपभोक्ता श्रेणियों में जीएसटी दरों में कटौती के बाद एफएमसीजी कंपनियों ने मुनाफाखोरी-रोधी नियमों के तहत नियामक जांच के डर से कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने में तेजी दिखाई थीं। लेकिन, कंपनियां अब धीरे-धीरे उत्पादों की कीमतें बढ़ाने पर जोर दे रही हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि वस्तुओं की लागत बढ़ रही है और रुपये पर दबाव बढ़ रहा है।
- एफएमसीजी कंपनियों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतें हाल के सप्ताह में बढ़ी है, जिससे सल्फर और एन-पैराफिन जैसी संबंधित वस्तुओं की लागत बढ़ गई है। वहीं, नारियल तेल की कीमतें पिछले एक साल में दोगुनी हो गई हैं। रुपये के अवमूल्यन ने इनपुट लागतों को और बढ़ा दिया है।

## फोनपे ने माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री के साथ

# एआई-संचालित नेचुरल लैंग्वेज सर्च किया लॉन्च



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने कहा कि भारत में नेचुरल लैंग्वेज इंटरफेस तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं और यह सहयोग डिजिटल पेमेंट को अधिक सहज और सुलभ बनाएगा।यह फीचर चरणबद्ध तरीके से पूरे भारत में लागू किया जाएगा और एप के ग्लोबल सर्च बार, हेल्प सेंटर और हिस्ट्री टैब के जरिए उपलब्ध होगा।

फोनपे ने शनिवार को माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री आधारित एक नया एआई-संचालित नेचुरल लैंग्वेज सर्च फीचर लॉन्च किया है। इससे यूजर्स साधारण आवाज या टेक्स्ट कमांड के जरिये एप में आसानी से नेविगेट (संचालन) कर सकते हैं, भुगतान कर सकते हैं और अपने ट्रांजैक्शन ट्रैक कर सकते हैं। कंपनी के अनुसार, यह फीचर डिजिटल पेमेंट को अधिक सरल, तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस फीचर के जरिए पारंपरिक मेन्यू-आधारित संचालन की जगह अब इंटेंट-आधारित रूटिंग मिलेगी। इससे यूजर बातचीत की तरह अपने काम पूरे कर सकेंगे। जैसे हेमंत को 20 रुपये भेजो कहने पर सीधे भुगतान स्क्रीन खुलेगी और सही रिसीवर पहले से चयनित होगा।

**केवल आवाज से ही कर सकेंगे ये काम-** वहीं, फॉस्टटैग रिचार्ज या सोने का भाव टाइप करने पर यूजर सीधे संबंधित सेवा या जानकारी पेज पर पहुंच जाएगा। यह टूल केवल सर्च तक सीमित नहीं है, बल्कि यूजर के इरादे को समझकर भुगतान, खरीदारी या सहायता से जुड़े कामों को पूरा करता है। यह ऑन-डिवाइस और क्लाउड-आधारित हाइब्रिड मॉडल पर काम करता है, जिससे यूजर का कोई भी निजी या ट्रांजेक्शन डाटा फोनपे के सुरक्षित वातावरण से बाहर नहीं जाता।

## ग्राहकों को नहीं मिला फायदा : महंगा पेट्रोल-डीजल बेचकर

# तेल कंपनियों ने कमाए 23743 करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय से 65 से 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी रहने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई राहत नहीं मिली। उल्टा इस दौरान सरकारी तेल कंपनियों ने भारी मुनाफा कमाया है।

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय से 65 से 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी हुई हैं। इस दौरान घरेलू तेल कंपनियों ने ग्राहकों को महंगा पेट्रोल और डीजल बेचकर भारी मुनाफा कमाया है। तीन प्रमुख सरकारी कंपनियों को चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में 23,743 करोड़ का मुनाफा हुआ है, जो एक साल पहले की समान अवधि के 10,545 करोड़ रुपये की तुलना में दोगुना से भी ज्यादा है।

आंकड़े बताते हैं कि तेल कंपनियों के मुनाफे में यह भारी वृद्धि मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन और एलपीजी की कम अंडर रिकवरी के कारण हुई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) दिसंबर तिमाही में चार गुना बढ़ गया। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) का जीआरएम दो गुना से अधिक हो गया। यह वृद्धि कच्चे तेल की नरम कीमतों और उत्पाद क्रैक में मजबूती के कारण हुई। देशभर में इस समय एक लाख से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। इसमें से 90 फीसदी हिस्सेदारी तीनों सरकारी कंपनियों के पास है। बाकी नायरा और रिलायंस के पास हैं।



**ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन में बढ़ोतरी-** आईसीआईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के आंकड़ों के मुताबिक, आईओसी का जीआरएम एक साल पहले के तीन डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 12.2 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया।?बीपीसीएल का जीआरएम 5.6 डॉलर से बढ़कर 13.3 डॉलर हो गया। एचपीसीएल का जीआरएम 6 डॉलर से बढ़कर 8.9 डॉलर हो गया। एक साल पहले तीनों सरकारी कंपनियों को 10545 करोड़ का मुनाफा हुआ था।

### क्रैक स्प्रेड में भी एक साल पहले की तुलना में सुधार

डीजल, पेट्रोल और विमानन टरबाइन ईंधन पर क्रैक स्प्रेड (कच्चे तेल की कीमत और उसके रिफाइनिंग उत्पादों की कीमत के बीच का अंतर) में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार हुआ है। दिसंबर तिमाही में बेंचमार्क सिंगापुर जीआरएम बढ़कर 6.2 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 4.9 डॉलर प्रति बैरल था।

आईओसी ने दिसंबर तिमाही में 12,126 करोड़ का लाभ दर्ज किया। बीपीसीएल और एचपीसीएल ने क्रमशः 7,545 करोड़ और 4,072 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया। दिसंबर तिमाही में सरकार ने खाना पकाने की गैस को बाजार दर से कम दामों पर बेचने के लिए तेल विपणन कंपनियों को वादे के तहत मुआवजा देना शुरू कर दिया है। मुआवजे की प्राप्ति के साथ तिमाही के दौरान एलपीजी की कम कीमतों ने भी कंपनियों की कमाई बढ़ाने में मदद की।

## आईसीयू में पहुंची पाकिस्तान की आर्थिक सेहत

# व्यापार करना 34 फीसदी महंगा, रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान में सरकारी नीतियों और भारी टैक्स के कारण बिजनेस करना दक्षिण एशिया में सबसे महंगा हो गया है। बिजली की दोगुनी कीमतें, 12.5 प्रतिशत ब्याज दर और गिरती करेंसी ने व्यापार की कमर तोड़ दी है। मुश्किल नियमों की वजह से लोग अब नया काम शुरू करने के बजाय नौकरी को ज्यादा सुरक्षित मान रहे हैं।

निक्केई एशिया की एक ताजा रिपोर्ट ने पाकिस्तान की धीमी आर्थिक तरक्की की असल वजहों का खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की मुश्किलों का कारण सिर्फ कम उत्पादन या नए आइडिया की कमी नहीं है। इसकी असली वजह सरकारी नीतियां हैं, जिन्होंने देश में बिजनेस करने की लागत को बहुत बढ़ा दिया है।

द न्यूज इंटरनेशनल ने पाकिस्तान बिजनेस फोरम (पीबीएफ) की एक स्टडी का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी है। इसमें पाया गया कि पाकिस्तान में बिजनेस चलाना दक्षिण एशिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले 34 प्रतिशत ज्यादा महंगा है। बिजनेस जगत के दिग्गजों का कहना है कि यह कोई अस्थायी समस्या नहीं है। बिजली की ऊंची कीमतें, भारी टैक्स, महंगे कर्ज और गिरती करेंसी ने इसे एक गहरी ढांचागत समस्या बना दिया है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो पाकिस्तान में बिजली की औसत कीमत लगभग 34 रुपये प्रति यूनिट है। यह पड़ोसी देशों की औसत कीमत 17 रुपये से करीब दोगुनी है। ईंधन की कीमतों पर भी जनता और व्यापारियों को राहत नहीं है। पेट्रोल-डीजल पर करीब 80 रुपये प्रति लीटर की पेट्रोलियम लेवी का बोझ है। इसके अलावा, ब्याज दरें 12.5 प्रतिशत पर बनी हुई हैं। इतनी ऊंची दरों की वजह से कंपनियों के लिए बैंक से उधार लेना बहुत महंगा हो गया है। पाकिस्तानी रुपया भी लगातार कमजोर हो रहा है। साल 2018 में एक डॉलर की कीमत 110 रुपये थी, जो दिसंबर 2025 तक गिरकर 280 रुपये के करीब पहुंच गई है। इस गिरावट ने विदेशों से आने वाले कच्चे माल और मशीनों को बहुत महंगा कर दिया है।

## मप्र में 7 जिलों में बारिश का अलर्ट, राजस्थान में टेम्परेचर 30 डिग्री पार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश के पहाड़ी और मैदानी राज्यों में तेजी से मौसम में बदलाव हो रहा है। मध्य प्रदेश में फरवरी के महीने में चौथी बार बारिश का अलर्ट है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और टर्फ की एक्टिविटी की वजह से मौसम बदला है।

मौसम विभाग ने राज्य के मंडला, डिंडौरी समेत 7 जिलों में पानी गिरने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। राजस्थान में मौसम में दोबारा बदलाव है। सुबह-शाम की सर्दी कम हो गई है। शनिवार को 10 से ज्यादा शहरों का अधिकतम टेम्परेचर 30 डिग्री और उससे ज्यादा रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान में अगले 7 दिन बारिश की संभावना नहीं है, आसमान खुला रहेगा। इसके कारण टेम्परेचर में 2डिग्री से 3डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। इधर, जम्मू-कश्मीर में फरवरी का सबसे गर्म दिन 21 फरवरी को रहा। यहां दिन का तापमान 21डिग्रीतक पहुंचा। जो सामान्य से 10डिग्री ज्यादा है। इससे पहले 24 फरवरी 2016 को 20.6डिग्री रहा था।

उत्तराखंड में के हिमालयी इलाकों में टेम्परेचर 0डिग्री से नीचे है। मुनस्यारी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां टेम्परेचर माइनस 24 डिग्री रहा। गंगोत्री में -22डिग्री, बद्रीनाथ में -19 डिग्री, हेमकुंड साहिब में -18डिग्री और हर्षिल में -17डिग्री रहा। राज्य में कहीं भी बर्फबारी का अलर्ट नहीं है।

मध्य प्रदेश में फरवरी के महीने में चौथी बार बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने सोमवार को मंडला, डिंडौरी समेत 7 जिलों में पानी गिरने का अनुमान जताया है। दूसरी ओर रविवार को दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। पारा 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। पिछले 24 घंटे के दौरान भोपाल, सागर, जबलपुर, धार, इंदौर, खंडवा, रायसेन, रतलाम, उज्जैन समेत 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और ट्रफ लाइन की एक्टिविटी की वजह से ऐसा मौसम रहा।

भोपाल में शनिवार सुबह बादल छाए रहे। हालांकि, दिन में तेज धूप निकल आई। इससे दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दक्षिण-पूर्वी हिस्से के छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज में मौसम ने करवट ली

### सर्वाधिक 45.9% दान धार्मिक संस्थाओं को; हाउ इंडिया गिव्स 2025 की रिपोर्ट

# भारत में हर वर्ष 54 हजार करोड़ का दान:68% लोग किसी न किसी रूप से करते हैं मदद

### हर आय वर्ग के लोग रोजाना करते हैं दान

### देश में दान का सबसे बड़ा आधार आम घर हैं।

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत में व्यक्तिगत दान का 45.9% हिस्सा धार्मिक संगठनों को जाता है। 41.8% दान सीधे बेहद गरीब, जरूरतमंद व भिक्षा मांगने वालों को मिलता है। गैर-धार्मिक संगठनों तक सिर्फ 14.9% दान पहुंचता है। यह बात हाउ इंडिया गिव्स रिपोर्ट के तीसरे संस्करण में सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक देश में दान का सबसे बड़ा आधार आम घर हैं। कुल घरेलू दान का अनुमान हर साल 54 हजार करोड़ रुपए है। रिपोर्ट के मुताबिक 68% लोगों ने किसी न किसी रूप में देने की बात कही। दान में दिया बहुत सा खाना मुफ्त सामुदायिक रसोइयों तक जाता है। सेवा का सबसे आम रूप धार्मिक संस्थानों में काम है। रिपोर्ट में भारत में घरों के रोजमर्रा के दान का पैमाना, पैटर्न, वजहें बताई गई हैं। बताया गया है कि भारतीय दुनिया के सबसे उदार लोगों में हैं। यह अध्ययन 20 राज्यों में सर्वे पर आधारित है। इसका मकसद यह समझना रहा कि आम लोग नकद, सामान के रूप में मदद, सामाजिक कामों में कैसे योगदान देते हैं।

### 48% खाना, कपड़े, जरूरी वस्तुएं 44% नकद दान 30% समय देकर सेवा

4000-5000 रुपए महीना आय वाले आधे घर दान करते हैं ऊंची आय पर भागीदारी 70 से 80% तक बढ़ जाती है।

दान की सबसे बड़ी वजह 90%+ इसे धार्मिक कर्तव्य मानते हैं नैतिक जिम्मेदारी आमने-सामने अपील सबसे असरदार

कुल दान में नकद का हिस्सा 44 फीसदी रिपोर्ट में दान के तरीके भी बताए गए हैं। सामान के रूप में मदद का हिस्सा सबसे ज्यादा 46% है। नकद दान 44% है। करीब 30% लोगों ने वॉलंटियरिंग की बात कही। रिपोर्ट के मुताबिक यह दान के रिश्तों और समुदाय आधारित स्वरूप को दिखाता है।




### रिपोर्ट में दान के तरीके और पैटर्न पर भी हुआ विश्लेषण

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में रोजमर्रा के घरेलू दान का इकोसिस्टम सालाना करीब 54 हजार करोड़ रुपए का है। रिपोर्ट लॉन्च पर सीएसआईपी की डायरेक्टर और हेड जिनी उप्पल ने कहा कि हाउ इंडिया गिव्स 2025-26 की रिपोर्ट भारत की उस उदारता को सामने लाती है, जो हमेशा से रही है, पर कम आंकी गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खपत आंकड़ों के आधार पर विश्लेषण करने से यह समझ आता है कि भारत कैसे दान देता है। यह भी पता चलता है कि देश के विकास की गति के साथ दान कैसे बदलता है।

रिपोर्ट के मुताबिक,रोजमर्रा का दान हर आय वर्ग में होता है। कम खपत स्तर 4 से 5 हजार रुपए महीना पर भी करीब आधे घर दान करते हैं। आय बढ़ने पर भागीदारी तेजी से बढ़ती है। रिपोर्ट ने दानदाताओं के चार प्रकार भी बताए हैं। ग्रासरूट, एस्पिरेशनल, प्रैक्टिकल, वेल-ऑफ गिवर्स। इनकी प्रेरणा, जागरूकता, जुड़ने की पसंद अलग-अलग बताई गई है।

## मायावती-अखिलेश बोले- एआई समिट में कांग्रेस का प्रदर्शन गलत



सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा चीफ मायावती ने दिल्ली के भारत मंडपम में अकसमिट में शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदर्शन को गलत बताया है। अखिलेश ने कहा, जब दुनियाभर से डेलीगेट्स आये हो तो ऐसा हंगामा नहीं करना चाहिए। सरकार से लड़ाई हमारा इंटर्नल मामला है, फॉरेन डेलीगेट्स के सामने हमारे देश का अपमान होता है।

मायावती ने पर लिखा- कांग्रेस का प्रदर्शन निन्दनीय है। अगर यह सम्मेलन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन अक समिट के दौरान ऐसा व्यवहार करना चिन्ता की बात है। इधर, कांग्रेस के अकसमिट में हंगामा करने के विरोध में भाजपा ने दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर में प्रदर्शन किया। मुंबई के मुलुंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के काफिले को काले झंडे दिखाए। उधर, अकसमिट में हंगामा करने वाले कांग्रेस के चारों कार्यकर्ताओं को आज पटियाला कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने कोर्ट में कहा कि प्रदर्शन करने वाले नेपाल के ञ्लल्- आंदोलन से प्रेरित थे। यह प्रदर्शन एक बड़ी साजिश का हिस्सा था। हंगामे के दौरान कई ग्लोबल लीडर्स और टेक इंडस्ट्री के एक्सपर्ट वहां मौजूद थे।

### भारत-ब्राजील में क्रिटिकल मिनरल्स समझौता; प्रेसिडेंट मुर्मू ने स्टेट डिनर दिया

# ब्राजीली राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा 18-22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं। आज उन्होंने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान लूला डी सिल्वा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने यह भी कहा, ह्यआतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है ह्ल


दूसरी ओर भारत और ब्राजील के बीच क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स को लेकर समझौता हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील ने अगले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। इसके बाद उन्होंने शनिवार शाम इंडिया-ब्राजील बिजनेस फोरम को भी संबोधित किया।

देर रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में लूला का औपचारिक स्वागत किया और उनके सम्मान में स्टेट डिनर दिया।



### चीन की निर्भरता कम करने की तैयारी में भारत-ब्राजील

क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स से जुड़ा समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख हिस्सा है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की निर्भरता कम करने, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को सपोर्ट करने और विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करने पर केंद्रित है। यह समझौता दोनों देशों को कच्चे माल के निर्यातक से आगे बढ़ाकर प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और रिसाइक्लिंग में भागीदार बनाने पर जोर देता है। क्रिटिकल मिनरल्स (जैसे लिथियम, निकल, कोबाल्ट, ग्रेफाइट) और रेयर अर्थ एलिमेंट्स (फएए) पर फोकस। सप्लाई चेन डाइवर्सिफिकेशनः चीन पर निर्भरता कम करना, खासकर एड बैटरी, रिन्यूएबल एनर्जी और हाई-टेक इंडस्ट्री के लिए। भारत की प्रोसेसिंग और रिफाइनिंग क्षमता ब्राजील के संसाधनों के साथ जोड़ी जाएगी। इन्वेस्टमेंट और जॉइंट वेंचरः भारतीय कंपनियां ब्राजील में निवेश कर सकती हैं, जबकि ब्राजील भारतीय टेक्नोलॉजी और मार्केट एक्सेस चाहता है।




## जॉइंट थिएटर कमान से ऑपरेट होंगी तीनों सेनाएंः ऑपरेशन सिंदूर में पहली बार दिखा था कम्पलीट इंटीग्रेशन;

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश के सैन्य ढांचे में अब तक के सबसे बड़े बदलाव का खाका तैयार हो चुका है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना अब संयुक्त थिएटर कमान के तहत काम करेंगी। संयुक्त थिएटर कमान पर 5 साल से मंथन जारी था। नया ढांचा 3 महीने में औपचारिक रूप से सामने आ जाएगा।

इससे भारत के पास किसी भी सैन्य संघर्ष से निपटने के लिए इंटीग्रेटेड, फास्ट और जॉइंट कमांड इन्फ्रास्ट्रक्चर रहेगा। निर्णय लेने में 60-70% तक तेजी आएगी। वहीं, 15-20% तक संसाधनों की भी बचत होगी। पाकिस्तान और चीन दोनों मोर्चों पर तैयारी और बेहतर होगी।

गौरतलब है कि अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देशों में सैन्य तंत्र संयुक्त थिएटर कमान के तहत ही ऑपरेट करता है। चीन में 5 जबकि अमेरिका में 11 कमान हैं। सैन्य सूत्रों के अनुसार, एक दशक में पाकिस्तान और चीन के साथ हुए 5 टकरावों से मिले कौशल, चुनौतियों और खामियों को फिल्टर कर नया ढांचा तैयार किया है। इनमें, पाकिस्तान के खिलाफ 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में 88 घंटे चला ऑपरेशन सिंदूर शामिल है। वहीं, चीन के खिलाफ 2017 के डोकलाम और 2020 के गलवान संघर्ष के सबक शामिल हैं।

इस प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों के अनुसार अलग-अलग सेवाओं की स्वतंत्र कार्रवाई में कम्युनिकेशन गैप और रिसोर्स ओवरलैप जैसी समस्याएं सामने आईं।

## पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, कई लोगों की मौत:

# टीटीपी के सात कैंपों को निशाना बनाया; पाक बोला- आत्मघाती हमलों का बदला लिया

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (ळळढ) और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसमें कई लोगों की मौत की खबर है।

सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था। पाकिस्तान ने कहा कि उसके पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से संचालित नेटवर्क ने कराए। एयरस्ट्राइक से कुछ घंटे पहले खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में सुरक्षा काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें दो सैनिक, जिनमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल भी मारे गए। सोमवार को बाजौर में विस्फोटकों से भरी गाड़ी सुरक्षा चौकी से टकरा दी गई। इस हमले में 11 सैनिक और एक बच्चे की मौत हुई। अधिकारियों ने हमलावर को अफगान नागरिक बताया। इससे पहले 6 फरवरी को इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुताबिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नंगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई।





पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि ळळढ अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है, जबकि तालिबान इन आरोपों से इनकार करता रहा है।

### पाकिस्तान की मांग- अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबान पर दबाव डाले

पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था।

## ट्रम्प के टैरिफ रद्द होने पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों बोले- लोकतंत्र में सत्ता पर कंट्रोल जरूरी

ब्रह्मास्त्र ›› फ्रांस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा डोनाल्ड ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ को अवैध ठहराने के फैसले का स्वागत किया है। शनिवार को पेरिस में वार्षिक कृषि मेले के दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता के साथ उस पर नियंत्रण भी जरूरी है। मैक्रों ने कहा, सुप्रीम कोर्ट और कानून का राज होना बुरा नहीं है। लोकतंत्र में सत्ता और उस पर संतुलन दोनों जरूरी हैं ह्र ट्रम्प के नए 10% ग्लोबल टैरिफ पर मैक्रों ने कहा कि फ्रांस इसके असर का आकलन करेगा और उसी अनुसार अपने कदम उठाएगा। उन्होंने साफ किया कि फ्रांस अपने कृषि, लक्जरी, फैशन और एयरोनॉटिकल उत्पादों का निर्यात जारी रखना चाहता है। मैक्रों ने कहा कि मौजूदा स्थिति में शांत और संतुलित सोच जरूरी है।

## अमेरिका के साथ ट्रेड डील की समीक्षा करेगा बांग्लादेश, इसी महीने यूनुस सरकार में डील हुई थी

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा दूसरे देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया है। इसके बाद बांग्लादेश बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। बांग्लादेश के अखबार द्यद डेली स्टारह्र के मुताबिक बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद बांग्लादेश अमेरिका के साथ हुई अपनी ट्रेड डील की समीक्षा करेगा। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने चुनाव से कुछ दिन पहले, 9 फरवरी को जल्दबाजी में अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता किया था। इस डील के बाद बांग्लादेश पर लगने वाला टैरिफ 20 प्रतिशत से घटकर 19 प्रतिशत हो गया था। वाणिज्य मंत्रालय के ह्रळड विंग की एडिशनल सेक्रेटरी खदीजा नाजनीन ने द्यद डेली स्टारह्र को बताया कि पहले समझौते को पूरी तरह अंतिम रूप दिया जाएगा, उसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश और अमेरिका के बीच हुए इस समझौते में बाहर निकलने का भी एक प्रावधान रखा गया है।

## ब्रिटिश फैशन कंपनी के सह-संस्थापक की थाईलैंड में मौत, 17वीं मंजिल से गिरे

ब्रह्मास्त्र ›› थाईलैंड

ब्रिटेन की फास्ट-फैशन कंपनी अरडर के सह-संस्थापक क्वेंटिन ग्रिफिथ्स की थाईलैंड के पटाया में 17वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस को मौके से किसी साजिश या हत्या के सबूत नहीं मिले हैं और शुरुआती जांच में आत्महत्या की आशंका जताई गई है। थाई पुलिस के मुताबिक, 9 फरवरी को पटाया के एक 18 मंजिला अपार्टमेंट की बालकनी से ग्रिफिथ्स गिर गए। उनका शव बालकनी के ठीक नीचे जमीन पर मिला। जांच में सामने आया कि अपार्टमेंट अंदर से बंद था और जबरन प्रवेश के कोई निशान नहीं थे। सीसीटीवी फुटेज में भी किसी अन्य व्यक्ति के कमरे में आने-जाने का रिकॉर्ड नहीं मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी किसी तरह की साजिश या हमले के संकेत नहीं पाए गए।



## 11 साल के बच्चे पर गोद लेने वाले पिता की हत्या का आरोप, गेमिंग डिवाइस छीने जाने से था नाराज

अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक 11 साल के लड़के क्लेटन पर आरोप है कि उसने अपने गोद लेने वाले पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना 13 जनवरी को उसके जन्मदिन की रात घर में हुई। बताया जा रहा है कि गेमिंग कंसोल छीन लेने की बात पर वह नाराज था। गेमिंग कंसोल एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन होती है, जिससे टीवी या मॉनिटर पर वीडियो गेम खेले जाते हैं।


# ट्रम्प के मैसेज लीक करने पर मैक्रों का जवाब: कहा- रिश्तों में सम्मान जरूरी, कुछ नेता आगे बढ़ने के बजाए पीछे जाते दिख रहे

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि देशों के बीच रिश्तों में सम्मान बहुत जरूरी होता है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों नेताओं के बीच हुए प्राइवेट मैसेज लीक कर दिए।

भारत के तीन दिन के दौरे पर आए मैक्रों ने भारतीय पॉडकास्टर राज शमानी के शो में यह बात कही। उनसे पूछा गया कि उनके निजी मैसेज लीक होने पर उन्हें कैसा लगा। इस पर मैक्रों ने सीधे ट्रम्प का नाम लेकर कुछ नहीं कहा, लेकिन इतना जरूर कहा कि कूटनीति में एक-दूसरे का सम्मान जरूरी है।

मैक्रों ने कहा कि देश आपस में सहमत हों या असहमत, लेकिन अपनी बात सम्मान के साथ रखनी चाहिए। असहमति जताना गलत नहीं है, लेकिन उसका तरीका सही होना चाहिए। मैक्रों ने ट्रम्प पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ नेता आगे बढ़ने के बजाए पीछे जाते हुए दिख रहे हैं। ट्रम्प ने 20 जनवरी को मैक्रों का निजी मैसेज लीक किया था। उस मैसेज में मैक्रों ने ट्रम्प से कहा था कि वे समझ नहीं पा रहे हैं कि ट्रम्प ग्रीनलैंड को लेकर क्या करना चाहते हैं।




उन्होंने आगे मिलकर काम करने की बात भी कही थी और ऋ7 बैठक की मेजबानी का सुझाव दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि इस बैठक में यूक्रेन, डेनमार्क, सीरिया और रूस जैसे देशों को शामिल किया जा सकता है। मैक्रों ने पॉडकास्ट में यह भी कहा कि लोकतंत्र में लोगों को अपने नेता बदलने का अधिकार होता है, इसलिए हिंसा और अपमान की जरूरत नहीं है। वे समाज में नफरत भरी भाषा और हिंसा के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जब फ्रांसीसी राष्ट्रपति से पूछा गया कि क्या दुनिया को अमेरिका के मौजूदा लीडरशिप से डरने की जरूरत है, तो उन्होंने कहा कि आज के हालात में यह थोड़ा हैरान करने वाला है कि कुछ नेता आगे बढ़ने की बजाय पीछे की तरफ जाते दिख रहे हैं।

## ट्रम्प ने फ्रांसीसी वाइन पर 200% टैरिफ की धमकी दी थी

ट्रम्प और मैक्रों के बीच लंबे समय के तल्खी रही है, लेकिन हाल में विवाद तब बढ़ा जब फ्रांस ने ट्रम्प के द्यबोर्ड ऑफ पीसह्र में शामिल होने का न्योता ठुकरा दिया। यह बोर्ड गाजा के विकास के लिए बनाया गया है। फ्रांस समेत कई देशों ने इस बात पर चिंता जताई कि बोर्ड के दस्तावेज में गाजा और इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष का साफ जिक्र नहीं है। इसके बाद ट्रम्प ने फ्रांस की वाइन और शैम्पेन पर 200% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी और कहा कि इससे मैक्रों पर दबाव पड़ेगा। बाद में ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दोनों के बीच हुए निजी मैसेज भी शेयर कर दिए, जिनमें मैक्रों ने ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका की दिलचस्पी पर चिंता जताई थी।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | डे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | ब | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | ब | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | पा | अ | सौ | बी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | ध | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ट्रम्प ने 24 घंटे में ग्लोबल टैरिफ बढ़ाकर 15% किया

# कल अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ रद्द किए, फिर नाराज ट्रम्प ने 10% टैरिफ लगाया था




**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% करने का ऐलान किया है। उन्होंने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी देशों पर 10% टैरिफ लगाने की बात कही थी। दरअसल अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प को क्एएढअ कानून का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है।**

## सेक्शन 122 के जरिए नया टैरिफ लगाएंगे ट्रम्प

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का असर





ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ हट जाएंगे।

अमेरिका को कंपनियों को पैसा वापस करना पड़ सकता है।

दुनिया के देशों को अमेरिका में सामान बेचने में राहत मिलेगी।

भारत, चीन और यूरोप के निर्यातकों को फायदा होगा।

कई चीजें सस्ती हो सकती हैं।

शेयर बाजारों में तेजी आ सकती है।

दुनिया का व्यापार ज्यादा स्थिर हो सकता है।




### 24 फरवरी से लागू होगा 15% टैरिफ

ट्रम्प ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर नया टैरिफ लगाया है। यह 15% टैरिफ 24 फरवरी से लागू हो जाएगा। इससे पहले उन्होंने कल टैरिफ को अवैध बताने वाले जजों की भी आलोचना की। ट्रम्प ने कहा- मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि, इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं। सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं है। मैं इन्हें राष्ट्रपति के मिले अधिकारों के जरिए लागू कर सकता हूं। सुप्रीम कोर्ट में रिफंड को लेकर कोई साफ बात नहीं कही गई है। इसलिए अमेरिकी सरकार किसी भी कंपनी को टैरिफ के रूप में वसूला गया पैसा वापस नहीं करेगी।


जज ने बहुत ही घटिया फैसला सुनाया है। मुझे लगता है कि अब इस मामले पर अगले दो साल तक कोर्ट में मुकदमा चलेगा। हम अगले 5 साल तक कोर्ट में ही रहेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विदेशी ताकतों का असर पड़ा है। अगर टैरिफ नहीं लगाए गए, तो विदेशी देश कुछ उद्योगों में अमेरिका से आगे निकलते रहेंगे।

टैरिफ लगाने का यह कदम कई साल पहले के राष्ट्रपतियों को उठा लेना चाहिए था। उन्होंने हमारे देश को कमजोर होने दिया और दूसरे देशों को फायदा उठाने दिया।

सेक्शन 122 अमेरिका के एक कानून का हिस्सा है, जिसे ट्रेड एक्ट ऑफ 1974 कहा जाता है। यह कानून अमेरिकी राष्ट्रपति को अधिकार देता है कि अगर देश को अचानक व्यापार घाटे या आर्थिक संकट का खतरा हो, तो वे तुरंत आयात पर टैरिफ लगा सकते हैं।

इसके तहत राष्ट्रपति बिना लंबी जांच प्रक्रिया के अस्थायी तौर पर टैरिफ लगा सकते हैं। आमतौर पर यह टैरिफ 150 दिनों तक लागू रह सकता है। इस दौरान सरकार स्थिति की समीक्षा करती है और आगे का फैसला लेती है। न्यूज के मुताबिक दुनिया के सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर 15% का एक जैसा ग्लोबल टैरिफ लगाने का मतलब होगा कि जिन देशों पर ज्यादा टैरिफ लगा है वह खुद घट जाएगा।



### ट्रम्प ने IEEPA के जरिए टैरिफ लगाया

**पूरा नाम**
इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट

**कब बना**
1977 में अमेरिकी संसद ने बनाया

**मकसद**
अगर अमेरिका को दूसरे देश से कोई बड़ा खतरा हो, तो सरकार तुरंत आर्थिक कदम उठा सके।

### IEEPA का इस्तेमाल?

- विदेशी संपत्तियों को फ्रीज करने में
- डॉलर ट्रांजैक्शन और बैंकिंग को कंट्रोल करने में
- इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पर पाबंदी लगाने में
- तुरंत आर्थिक फैसले लागू करने में

**80+** बार अब तक IEEPA का इस्तेमाल हुआ



सबसे ज्यादा इस्तेमाल डोनाल्ड ट्रम्प ने किया

टैरिफ लगाने के लिए ट्रम्प ने पहली बार इसका इस्तेमाल किया

## निक्सन ने 55 साल पहले लगाया था 10% ग्लोबल टैरिफ

साल 1971 में अमेरिका और दुनिया के बीच व्यापार और भुगतान संतुलन (बैलेंस ऑफ पेमेंट) में भारी असंतुलन हो गया था। अमेरिका लगातार ज्यादा आयात कर रहा था और निर्यात कम कर पा रहा था, जिससे डॉलर पर दबाव बढ़ रहा था। इसके बाद निक्सन ने दुनियाभर के देशों पर 10% का ग्लोबल टैरिफ लगा दिया था। इसके बाद यह महसूस किया गया कि भविष्य में अगर ऐसी आर्थिक आपात स्थिति आती है, तो राष्ट्रपति के पास ऐसी चीजों से निपटने के लिए कानूनी अधिकार होने चाहिए। इसी मकसद से 1974 में ह्लट्रेड एक्ट 1974ह्व पारित किया गया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक सेक्शन 122 का पहले कभी इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसलिए यह भी साफ नहीं है कि अगर इसे अदालत में चुनौती दी गई, तो अदालतें इसकी व्याख्या किस तरह करेंगी। इससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन को फटकारते हुए कहा था कि अमेरिका दुनिया के हर देश के साथ युद्ध की स्थिति में नहीं है। हालांकि फैसले को लेकर 3 जजों जस्टिस सैमुअल एलिटो, क्लेरेंस थॉमस और ब्रेट कैवनॉ ने इस फैसले से असहमति जताई। कैवनॉ ने अपने नोट में लिखा कि टैरिफ नीति समझदारी भरी है या नहीं, यह अलग सवाल है, लेकिन उनके मुताबिक यह कानूनी तौर पर वैध थी। कैवनॉ ने अपने नोट में भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर लगाए गए टैरिफ का भी जिक्र किया।

उन्होंने लिखा कि ये टैरिफ विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मुद्दों के तहत लगाए गए थे। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में कुल 9 जज हैं। इनमें से 6 जजों को रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों ने नियुक्त किया है, जबकि 3 जज डेमोक्रेटिक राष्ट्रपतियों ने नियुक्त किए।



■ वर्ष-12 अंक-111 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 22 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

सर्गाणामादिरन्तश्च मध्यं चैवाहमर्जुन।
अध्यात्मविद्या विद्यानां वादः प्रवदतामहम्॥

**भावार्थ** : सृष्टियों का आदि और अंत तथा मध्य भी मैं ही हूँ। मैं विद्याओं में अध्यात्मविद्या अर्थात् ब्रह्मविद्या और परस्पर विवाद करने वालों का तत्व-निर्णय के लिए किया जाने वाला वाद हूँ।

पवनः पवतामस्मि रामः शस्त्रभृतामहम्।
झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी॥

**भावार्थ** : मैं पवित्र करने वालों में वायु और शस्त्रधारियों में श्रीराम हूँ तथा मछलियों में मगर हूँ और नदियों में श्री भागीरथी गंगाजी हूँ।

## सम्पादकीयम्

### सर्वोच्चन्यायालयस्य हस्तक्षेपस्य अनन्तरं

सर्वोच्चन्यायालयस्य हस्तक्षेपस्य अनन्तरं बङ्गालस्य मतदातारः मतदातासूचौ स्वनाम पुनः पञ्जीकरणे राहतं, सहायता च प्राप्नुयुः। सर्वोच्चन्यायालयस्य आदेशस्य अनन्तरं पश्चिमबङ्गदेशे तार्किकविसंगतियुक्तानां वर्गीकृतानां प्रायः १२.५ मिलियनमतदातॄणां नाम सार्वजनिकं भविष्यति। एतत् कदमः कोटिकोटिमतदातानां मतदातासूचौ स्वनाम पुनः पञ्जीकरणं कर्तुं साहाय्यं करिष्यति, येन तेषां मताधिकारस्य रक्षणं सुनिश्चितं भविष्यति। पश्चिमबङ्गस्य प्रायः 12.5 मिलियनमतदातानां नाम सार्वजनिकं भविष्यति, येषां वर्गीकरणं एसआईआर-मध्ये तार्किकविसंगतिः इति वर्गीकृतम् आसीत्। सर्वोच्चन्यायालयस्य एषः आदेशः कोटिकोटिमतदातानां मतदातासूचौ स्वनाम पुनः पञ्जीकरणे सहायकः भविष्यति। अस्य आदेशस्य उद्देश्यं यत् जनानां मताधिकारस्य सर्वथा रक्षणं करणीयम् इति। बङ्गदेशे विवादः। तार्किकविसंगतिः एकः वर्गः अस्ति यस्मिन् मतदातानां नाम न निष्कासितम्, परन्तु प्रदत्ता सूचना अभिलेखैः सह न मेलति अथवा संशयं जनयति एतादृशेषु सन्दर्भेषु सम्बन्धितमतदातृभ्यः स्पष्टीकरणस्य अवसरः दीयते। परन्तु बङ्गदेशे अस्मिन् वर्गे जनानां बृहत्रूपेण समावेशः विवादं जनयति। टीएमसी आरोपयति यत् निर्वाचनआयोगेन मतदातानां नामानि मसौदे सूचीतः जानीतेव विलोपितानि, एतत् तथ्यं आयोगेन निरन्तरं अङ्गीकृतम्। अल्पः अपि विषयः महती अस्ति। सर्वोच्चन्यायालयस्य हस्तक्षेपेण अधुना प्रभावितानां व्यक्तिनां आक्षेपाणां प्रतिक्रियाः।

**हनुमान आरटीओ नाकायां अवैधं रंगदारीविषये**

# ट्रकचालकाः विरोधं कुर्वन्ति झोपड़ीयां अग्निप्रहारं कुर्वन्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मौगंज

मध्यप्रदेशस्य मौगञ्जमण्डले हनुमान आरटीओ नाकायां २० फरवरी दिनाङ्के शुक्रवासरे विलम्बेन विशालः हंगामा अभवत् यदा आरटीओकर्मचारिणां उपरि अवैधरूपेण उत्पीडनस्य, उत्पीडनस्य च आरोपं कृत्वा ट्रकचालकाः विरोधं कृतवन्तः। विवादः एतावत्पर्यन्तं वर्धितः यत् चालकाः कर्मचारिणां अस्थायीकुटीरेषु, नाकास्थानस्य समीपे कुसीर्षु च अग्निप्रहारं कृतवन्तः। उत्तरप्रदेशस्य मध्यप्रदेशस्य च सीमायाः समीपे हनुमानसीमायां एषा घटना अभवत्।

समाचारानुसारं आरटीओ नियमितरूपेण अत्र नाकास्थानकं स्थापयति। गतशुक्रवासरे निरीक्षणस्थानस्य समये कर्मचारिणः निरीक्षणार्थं गच्छन्तौ ट्रकद्वयं स्थगितवन्तः। एतस्मिन्नन्तरे भैनसोदस्य चालकः दीपकयादवः अन्येन सहचरेन सह आगत्य आरटीओ-कर्मचारिभिः सह उष्णविवादं कृतवान्। चालकाः आरोपं कृतवन्तः यत् तेषां विरुद्धं जाँचस्य नामधेयेन अवैधरूपेण उत्पीडनं, अनावश्यकं उत्पीडनं च क्रियते। विवादस्य समये दीपकः स्ववाहनं मार्गस्य मध्ये एव निक्षिप्तवान्, येन दीर्घकालं यावत् यातायातस्य जामः अभवत्, यातायातस्य च पूर्णतया बाधा अभवत्।

अग्निप्रकोपः कोलाहलः च मागारोधस्य अनन्तरं अन्ये बहवः ट्रकचालकाः तत्र समागताः। क्रुद्धः जनसमूहः आरटीओ-कर्मचारिणां मनमाना व्यवहारस्य विरुद्धं नारान् उद्घोषितवान्। कोलाहलसमये केचन जनाः कर्मचारिणां कुटीरे अग्निम् अयच्छन्, कुर्सीः इत्यादीनि वस्तूनि दग्धवन्तः।

पुलिसैः कार्यवाही कृता, प्रकरणं दाखिलम् घटनायाः सूचनां प्राप्य स्थानीयपुलिसदलः प्रचण्डबलेन सह घटनास्थले आगतः। ते व्याकुलचालकानाम् शान्तिं दत्त्वा प्रायः एकघण्टायाः प्रयासानन्तरं ट्रकं मार्गात् निष्कास्य यातायातस्य जामम् अपसारितवन्तः। आरटीओ नाकाप्रभारीणां शिकायतया आधारेण पुलिसेन दीपकयादवस्य अन्यत्रित्रयस्य ट्रकचालकानाम् विरुद्धं विभिन्नखण्डेषु प्रकरणं दाखिलम् अस्ति। ये कानूनम् स्वहस्ते गृह्णन्ति तेषां विरुद्धं कठोरकार्यवाही भविष्यति इति पुलिसप्रशासनेन उक्तम्। इदानीं सीमायां अवैधरूपेण उत्पीडनं न स्थगितं चेत् पुनः विरोधं करिष्यामः इति ट्रकचालकाः चेतवन्तः।

**शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद**

## कृते परेशानीः वर्धन्ते, प्रयागराजस्य पीओसीएसओ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ प्रयागराज

ज्योतिशपीठस्य शंकराचार्यस्वामी अविमुक्तेश्वरानन्दसरस्वती यौनशोषणप्रकरणे महतीं विघ्नं प्राप्नोत्। प्रयागराजस्य पोक्सो विशेषन्यायालयस्य न्यायाधीशः विनोदकुमारचौरसिया इत्यनेन अविमुक्तेश्वरानन्दसरस्वतीः तस्य शिष्यः स्वामी मुकुन्दनन्दगिरी च विरुद्धं एफआईआर-पञ्जीकरणस्य, अन्वेषणस्य च आदेशः दत्तः। न्यायालयस्य आदेशस्य अनन्तरं अधुना अविमुक्तेश्वरानन्दसरस्वतीः तस्य शिष्यस्य च विरुद्धं झुंसीपुलिसस्थाने प्रकरणं दाखिलं भविष्यति।

ज्ञातव्यं यत फेब्रुवरी-मासस्य १३ दिनाङ्के आरोपं कृतवन्तः नाबालिगद्वयस्य वक्तव्यं न्यायालये वीडियोग्राफी-सहितं अभिलेखितं। न्यायालयेन पुलिसप्रतिवेदनस्य अपि संज्ञानं गृहीतम्। नाबालिगानाम् वक्तव्यं, पुलिस-रिपोर्ट् च विचार्य न्यायालयेन एफआईआर-दाखिलीकरणस्य निर्णयः आरक्षितः। अद्य सुनवायीयाः अनन्तरं न्यायालयेन अविमुक्तेश्वरानन्दसरस्वतीः तस्य शिष्यः स्वामी मुकुन्दनन्दगिरी च विरुद्धं प्राथमिकी पञ्जीकरणस्य आदेशः दत्तः।

इति सर्वं प्रकरणम् स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती पर श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण न्यास के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मचारी तथा शकुम्भरी पीठाधीश्वर द्वारा अपने आश्रमे बालों के यौन शोषण के आरोप लगाया गया। २८ जनवरी दिनाङ्के सः प्रयागराजन्यायालये धारा १७३ (४) इत्यस्य अन्तर्गतं शिकायतां पञ्जीकरणार्थं आवेदनं कृतवान्। आवेदनस्य श्रवणानन्तरं बलात्कारस्य सर्वोच्चन्यायालयः, पोक्सो च स्वनिर्णयं आरक्षितवान्। वादी आशुतोष ब्रह्मचारी न्यायालये स्वस्य वक्तव्यं अभिलेखितवान्।

## सामाजिकमाध्यमानां वर्धमानप्रभावेन बहवः जनाः लोकप्रियतायाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू

येन स्थानीयनिवासिनां तीर्थयात्रिकाणां च उत्तमसुविधाः प्राप्यन्ते। वैष्णोदेवी इत्यादिषु धार्मिकस्थलेषु सुरक्षां अनुशासनं च निर्वाहयितुं महत्त्वपूर्णं इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते, यतः प्रतिदिनं सहस्राणि भक्ताः अस्य तीर्थस्य आगच्छन्ति। कोऽपि सुरक्षाभङ्गः महत्त्वपूर्णं खतराम् उत्पद्यते। सामाजिकमाध्यमानां वर्धमानप्रभावेन बहवः जनाः लोकप्रियतायाः अनुसरणार्थं नियमानाम् अवहेलनां कृतवन्तः इति विशेषज्ञाः वदन्ति, येन भविष्ये सुरक्षायाः गम्भीरः जोखिमः भवितुम् अर्हति मन्दिरपरिसरस्य अन्तः स्थापितानां नियमानाम् अनुसरणं कर्तुं, यत्किमपि शङ्कितं कार्यं भवति तत् तत्क्षणमेव प्रशासनाय सूचनां दातुं श्रद्धालुभ्यः अपि आह्वानं कृतवान् यत् तीर्थमण्डलेन। मन्दिरस्य सुरक्षाव्यवस्थां सुदृढं कर्तुं केवलं भक्तानां सहकार्यं कर्तुं शक्यते इति बोर्डेन उक्तम्।

## राशिफल

**मेष** : कुछ ऐसे काम करने पड़ सकते हैं जो आपको पसंद न हों, लेकिन मजबूरी में करना पड़ेगा।

**वृषभ** : किसी खबर या मैसेज को लेकर भ्रम की स्थिति बन सकती है, इसलिए बिना जांचे-परखे किसी पर भरोसा न करें।

**मिथुन** : बच्चों के साथ तालमेल बनाए रखने की जरूरत है, वरना वे आपकी बातों को नजरअंदाज कर सकते हैं।

**कर्क** : कामकाज में हालात ठीक रहेंगे, लेकिन सरकारी काम या अफसरों से बात करते समय संभलकर रहें।

**सिंह** : बावजूद मन में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहेगी। लव लाइफ और बच्चों से जुड़ी बातें अच्छी रहेंगी।

**कन्या** : गुस्से और गलत भाषा से बचें। पैसा आएगा, लेकिन उसे संभालकर रखने की जरूरत है।

**तुला** : सेहत मध्यम रहेगी। ऑफिस या राजनीति से जुड़े लोगों को आज पहचान और प्रभाव मिल सकता है।

**वृश्चिक** : सट्टा या जोखिम वाले निवेश से दूर रहें। फिलहाल हालात थोड़े भारी लगेंगे, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति संभल जाएगी।

**धनु** : लव लाइफ और बच्चों से जुड़ी बातें सामान्य रहेंगी। पढ़ाई और ज्ञान बढ़ाने के लिए अच्छा दिन है।

**मकर** : मानसिक तनाव ज्यादा रहेगा, हालांकि शरीर सेहतमंद रहेगा। घर का माहौल थोड़ा भारी रह सकता है।

**कुंभ** : भावनाओं में बहकर कोई बड़ा फैसला न लें। लव लाइफ और बच्चों से जुड़ी बातें अच्छी रहेंगी।

**मीन** : आज खर्च बढ़े रहेंगे। मन में डर या बेचैनी बनी रह सकती है। आज खुद को संभालकर चलें, जल्दबाजी में कोई फैसला न लें।

## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य-चंद्र का अशुभ वैधृति योग, तीन दिन बाद इन 3 राशियों के जीवन में आएंगी बड़ी परेशानियां

वैधृति योग 21 फरवरी 2026 को सुबह 08:09 बजे से प्रभावी हुआ। यह सूर्य और चंद्रमा के विशेष संयोग से बनता है और जीवन में संघर्ष, धनाभाव, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां और दांपत्य जीवन में असंतुलन ला सकता है। कुछ राशियों पर इसका प्रभाव अधिक गंभीर रहेगा, लेकिन उपाय और सतर्कता से इसके नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वैधृति योग को सबसे अधिक अशुभ और बाधा उत्पन्न करने वाला योग माना जाता है। यह योग सूर्य और चंद्रमा के देशांतर के विशेष संयोग से बनता है और इसके प्रभाव से जीवन में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस योग के दौरान जातक को धन संबंधी कठिनाइयाँ, दांपत्य जीवन में असंतुलन, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है। इसे ज्योतिषियों द्वारा नकारात्मक शक्तियों को प्रबल करने वाला योग कहा गया है, इसलिए इस समय सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक माना जाता है।

पंचांग के अनुसार, वर्ष 2026 में यह योग तीन दिन बाद, यानी शनिवार 21 फरवरी को सुबह 08:09 बजे से उत्पन्न हुआ। यह अवधि सभी राशियों पर प्रभाव डालेगी, लेकिन कुछ विशेष राशियों के लिए इसके प्रभाव और अधिक गंभीर होने की संभावना है। इस समय विशेष उपायों और सावधानियों का पालन करने से इस योग के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि किन 3 राशियों पर वैधृति योग का सबसे अधिक असर पड़ेगा और इसे शांति के साथ पार करने के लिए कौन से उपाय किए जा सकते हैं।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए वैधृति योग इस समय मानसिक दबाव और बेचैनी लेकर आ सकता है। छोटी-छोटी बातों को बड़ा समझने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है, जिससे व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में तनाव उत्पन्न हो सकता है। कार्यस्थल पर विरोधियों की सक्रियता बढ़ सकती है और किसी करीबी या सहयोगी के साथ मतभेद भी सामने आ सकते हैं। गुस्से पर नियंत्रण रखना इस समय अत्यंत जरूरी होगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही नुकसानदेह साबित हो सकती है, इसलिए किसी भी तरह के बड़े निवेश या धन-लेन-देन को फिलहाल टालना ही बेहतर रहेगा। पारिवारिक माहौल में भी छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव बढ़ सकता है। स्वास्थ्य के मामले में सिरदर्द, थकान या सामान्य कमजोरी परेशान कर सकती है। इस समय धैर्य, संयम और संतुलित सोच ही आपको मुश्किलों से निकालने में मदद करेगी।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों के लिए यह योग भावनात्मक उतार-चढ़ाव और अस्थिरता लेकर आएगा। मानसिक स्थिति अस्थिर रहने के कारण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस होगी। कार्यक्षेत्र में दबाव बढ़ सकता है और वरिष्ठ अधिकारियों या सहकर्मियों के साथ तालमेल बिगड़ सकता है। पुराने विवाद या मुद्दों के कारण तनाव और बहस का माहौल बन सकता है। धन संबंधी मामलों में रुकावटें आएंगी और उधार दिया पैसा फंस सकता है। पारिवारिक जीवन में गलतफहमियां बढ़ सकती हैं, और जीवनसाथी के साथ संवाद की कमी तनाव का कारण बन सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही भारी पड़ सकती है, विशेषकर पेट या छाती से जुड़ी समस्याओं में।

**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों के लिए वैधृति योग चुनौतीपूर्ण समय लेकर आएगा। इस दौरान की गई योजनाएं अधूरी रह सकती हैं और मेहनत का परिणाम देर से मिलने की संभावना रहेगी। व्यापार में घाटे की आशंका और साझेदारी संबंधी विवाद हो सकते हैं। किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करना नुकसानदेह साबित हो सकता है। सामाजिक छवि पर असर पड़ने की संभावना है, इसलिए अपने व्यवहार और निर्णयों में सावधानी रखें। कानूनी मामलों में विशेष सतर्कता जरूरी है। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं और मानसिक तनाव भी महसूस होगा। नींद में कमी और थकान इस समय सामान्य हो सकती है। वाहन चलाते समय विशेष सतर्कता रखना लाभदायक रहेगा।

## खबर एक नजर...

### अवैध ट्रेडिंग और सायबर फ्रॉड के आरोपी को भेजा जेल

**उज्जैन।** कमीशन का लालच देकर गरीब लोगों के बैंक खाते खुलवाकर उसमें अवैध ट्रेडिंग और सायबर फ्रॉड करने वाले गिरोह में शामिल आरोपी वाजिद पिता शरीफ जलावत 29 साल निवासी चंद्रावतीगंज सांवेर जिला इंदौर को चिमनगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया था। शनिवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। रिमांड अवधि में उसने मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किये गये, वहीं गिरोह के सरगना शोएब निवासी देवास की जानकारी मिली। जिसकी तलाश में पुलिस की एक टीम देवास भी गई, लेकिन सरगना गिरफ्त में नहीं आ सका। एसआई दिनेश भाट ने बताया कि गिरोह में 35 से 40 लोग शामिल होना सामने आये है। सरगना शोएब के गिरफ्त में आने पर गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी मिल पायेगी। हिरासत में आया वाजिद एजेंट के रूप में काम करता था।

### कोर्ट से लौट रही बहू के साथ ससुराल वालों की मारपीट

**उज्जैन।** प्रताड़ना और भरण पोषण का कोर्ट में चल रहे मामले की तारीख पेशी होने पर भैरूनाला क्षेत्र में रहने वाले शिवानी पति आशुतोष अकेला कोर्ट गई थी। जहां से लौटते वक्त रास्ते में उसे पति आशुतोष, सास संगीता और ननद सोनिया ने रोक लिया। तीनों मामले में समझाता करने का दबाव बनाया। शिवानी ने मना कर दिया। तीनों ने उसके साथ रास्ते में मारपीट की। शिवानी के घायल होने उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। मामले में माधवनगर पुलिस ने जांच शुरू की है। शिवानी के अनुसार उसका विवाह 2022 में इंदौर की वृंदावन कालोनी में आशुतोष के साथ हुआ था। उसका एक डेढ़ वर्षीय पुत्र है। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज के लिये प्रताड़ित कर रहे थे। वर्ष 2024 में वह मायके आ गई थी और पति के साथ ससुराल वालों के खिलाफ कोर्ट में केस किया था।

### 70 साल के बुजुर्ग से मारपीट करने वाला पकड़ाया

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के पास यादव धर्मशाला के सामने शुक्रवार रात 70 साल के बुजुर्ग दुगार्शंकर पिता रामचंद्र वर्मा निवासी अंबर कालोनी को रोक बदमाश ने शराब पीने के रुपए मांगे, नहीं देने पर बुजुर्ग के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। महाकाल थाना पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ धारा 119 (1), 115 (2), 296 (बी), 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया। एएसआई श्रवण कुमार चौहान ने बताया कि बदमाश की पहचान कर उसकी तलाश शुरू की गई। शनिवार को उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में नाम नरेन्द्र कटिया होना सामने आया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### कार नम्बर सामने आने पर चालक पर दर्ज किया प्रकरण

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम रत्नाखेड़ी में 17 फरवरी को बिना नम्बर की क्रेटा कार ने कालूराम पिता आत्मराम वाघेला 54 साल निवासी ग्राम कडछली को टक्कर मार दी थी। कालूराम की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था। चार दिन बाद आरटीओ से जानकारी मिलने पर कार क्रमांक एमपी 13 सीई 0516 सामने आया। जिसके आधार पर चालक के खिलाफ धारा 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। कालूराम के पुत्र का 28 फरवरी को विवाह होना था, वह पुत्र की शादी के कार्ड बांटकर बड़नगर से लौट रहा था। तभी कार ने टक्कर मारी थी।

### आरडीगार्डी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का उज्जैन-झालावाड़ हाइवे पर चक्काजाम

# बाइक सवार एमबीबीएस छात्र पर चढ़ा 12 पहियों को ट्रक





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस का अध्ययन कर रहे छात्र को शनिवार सुबह 12 पहियों के ट्रक ने कुचल दिया। दुर्घटना में छात्र गंभीर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां आईसीयू में उसकी मौत हो गई। छात्र के निधन की खबर मिलते ही कॉलेज के विद्यार्थियों ने उज्जैन-झालावाड़ हाईवे पर चक्काजाम कर दिया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सुरासा स्थित आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के सामने बाइक पर सवार छात्र हर्षित पिता संजीव मेहरा 22 वर्ष को तेजगति से आए 12 पहियों के ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीडी 3338 ने टक्कर मार दी। छात्र बाइक से गिर गया लेकिन चालक ने ट्रक नहीं रोका। जिसके चलते छात्र पहियों की चपेट में आ गया। शरीर एक हिस्सा बुरी तरह जख्मी हो गया था। उसे अन्य छात्र तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे और आईसीयू में भर्ती किया। घायल छात्र का उपचार हो पता उससे पहले उसकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को दुर्घटना होने और छात्र के मौत की खबर मिली तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। दर्जनों की संख्या में विद्यार्थी कॉलेज के सामने उज्जैन-झालावाड़ हाईवे पर एकत्रित हो गए और चक्काजाम कर दिया। एमबीबीएस कर रहे विद्यार्थियों का कहना था कि आए दिन मार्ग पर दुर्घटनाएं होती रहती है पहले भी कई लोगों की जान जा चुकी है। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। वीआईपी के आने पर ही सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। विद्यार्थियों के चक्काजाम की खबर लगते सीएसपी पुष्पा प्रजापति, चिमनगंज थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। विद्यार्थियों को समझाईश दी गई और मार्ग पर सुरक्षा इंतजाम को लेकर स्पीड बेकार बनाने की बात कही। करीब 1 घंटे तक विद्यार्थियों का चक्काजाम जारी रहा, अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खोला गया। विद्यार्थियों के चक्काजाम की वजह से हाईवे पर दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

**इंदौर ले जाया गया छात्र का शव-** चिमनगंज थाना पुलिस ने दोपहर में मृतक छात्रा का पोस्टमार्टम कराया। जहां से परिजन उसका शव अंतिम संस्कार के लिए इंदौर लेकर गए हैं। मेडिकल कॉलेज के कई छात्र भी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए इंदौर रवाना हो गए थे।

#### इंदौर में रहता था, द्वितीय वर्ष का था छात्र

सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ छात्र हर्षित इंदौर के अन्नपूर्णा नगर का रहने वाला था और आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। वर्तमान में वह कॉलेज कैंपस के समीप कॉलोनी में निवास कर रहा था। सुबह कॉलेज आते समय उसके साथ दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में मृतक छात्र परिवार का एकलौता पुत्र था, उसके पिता का पूर्व में निधन हो चुका है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मां और परिवार के सदस्य इंदौर से उज्जैन पहुंच गए थे। विद्यार्थियों ने बताया कि हर्षित काफी होनहार था और संगीत का भी शौक रखता था। कॉलेज के प्रोग्राम में उसने कई अवार्ड भी प्राप्त किए थे।

#### चालक मौके से भाग, ट्रक किया जप्त

सड़क दुर्घटना में छात्र के घायल होने और उपचार के दौरान मौत होने की सूचना पर पुलिस दुर्घटना स्थल पहुंच गई थी। चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला था। पुलिस ने ट्रक को जप्त किया है जो 12 पहियों का होकर पूरी तरह से लोड है। थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया के अनुसार ट्रक में क्या भरा है इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। वही नंबर के आधार पर चालक और ट्रक मालिक का पता लगाया जा रहा है। एमबीबीएस छात्र के मामले में मर्ग कायम करने के साथ ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलने का प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

# बाइक नहीं देने पर भाई ने भाई को मारा चाकू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



ग्राम उमरिया जागीर में 2 भाईयों के बीच बाइक नहीं देने पर विवाद हो गया। एक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने घायल हुए अरूण पिता पर्वतलाल सोनगरा 24 साल की शिकायत पर चाकू मारने वाले भाई संजू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। घायल अरूण ने बताया कि पिता दोनों भाईयों के बीच जमीन-जायजाद का बंटवारा कर चुके है। बंटवारे के बाद उसने बाईक खरीदी थी, बावजूद भाई में भी हिस्सा मांग रहा है। भाई संजू शराब पीने का भी आदी है।

### बदला मौसम निकली धूप, उछला दिन का तापमान

# 23-24 को फिर से बारिश के आसार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पिछले तीन दिनों की तरह शनिवार को एक बार फिर मौसम ने रंग बदला और दिन में अच्छी खासी धूप का असर रहा है। जिसके चलते तापमान में 7 डिग्री की तेजी आ गई। लेकिन एक बार फिर दो चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय होने पर 23-24 फरवरी को बारिश के आसार बनते दिखाई दे रहे है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदेश के ऊपर दो चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं। साथ ही एक ट्रफ लाइन गुजर रही है और पश्चिमी विक्षोभ का असर भी बना हुआ है। इन मौसम प्रणालियों के कारण फरवरी में तीसरी बार बारिश का दौर आया है। अब 23 और 24 फरवरी को चौथी बार फिर बारिश होने की संभावना जताई गई है। शनिवार को मौसम साफ रहा है और रविवार को भी मौसम साफ रहने के आसार हैं।

मौसम का मिजाज फरवरी माह के अंतिम दौर में भी अस्थिर बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ, सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और ट्रफ लाइन के प्रभाव से एक बार फिर बारिश, तेज आंधी और कहीं-कहीं ओलावृष्टि दर्ज की गई है। बुधवार, गुरुवार शुक्रवार को तीसरे दौर की बारिश ओलावृष्टि की स्थिति रही थी। शनिवार को आकस्मिक ही मौसम पूरा साफ रहा है। इसके बाद अब सोमवार से एक बार फिर से चौथे दौर की बारिश के आसार बन रहे हैं। दो से तीन दिन ऐसे ही आसार बनने की स्थिति सामने आ रही है। शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शनिवार को सुबह न्यूनतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा 1.5 डिग्री गिरावट के साथ 15 डिग्री दर्ज किया गया।

# गला काटने के बाद इंजीनियर ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

**रायसेन का रहने वाला था, प्रेमप्रसंग की आशंका**

सड़क निर्माण में सप्लाय इंजीनियर का काम देख रहे युवक ने शुक्रवार-शनिवार रात फांसी लगा ली। सुबह उसका शव सीढियों पर रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस के पहुंचने पर सामने आया कि उसका हाथ और गला भी कटा हुआ है।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि केसरबाग कालोनी में किराये से रहने वाले ऋषभ पिता अर्जुन मीणा का शव मकान की सीढियों पर रस्सी के फंदे से लटका होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। मृतक के हाथ और गले से खून भी निकल रहा था। घटनाक्रम का पता चलने पर सीएसपी पुष्पा प्रजापति भी मौके पर पहुंची गई थी। जांच के लिये एफएसएल टीम को



बुलाया गया और शव को फंदे से उतारा गया। मृतक ऋषभ ने फांसी लगाने से पहले हाथ और गला काटा था। जानकारी जुटाने पर सामने आया कि ऋषभ रायसेन का रहने वाला था। क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में सप्लाय इंजीनियर के रूप में काम करता था। 2 माह पहले उज्जैन आया था। थाना प्रभारी के अनुसार परिजनों को सूचना देकर शव अस्पताल पहुंचाया गया। शाम को परिजनों के उज्जैन पहुंचने पर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन शव अंतिम संस्कार के लिये रायसेन लेकर गये है।

**रात में मोबाइल पर करता था बात-** थाना प्रभारी के अनुसार घटनास्थल पर पूछताछ करने के बाद पता चला कि ऋषभ के साथ 2 अन्य साथी भी रहते है। रात में दोनों अपने कमरे में सोने चले गये थे। दोनों से पूछताछ में सामने आया कि ऋषभ किसी लड़की से मोबाइल पर काफी देर-देर तक बात करता था। थाना प्रभारी ने आशंका जताई कि संभवतः उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक का मोबाइल जांच में लिया गया है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के बाद परिजनों को बुलाकर बयान दर्ज किये जायेगें, वहीं मोबाइल की कॉल डिटेल भी खंगाली जायेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com